संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -163 शनिवार ,15 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## शरद पवार का कांग्रेस को झटका

### कर्नाटक चुनाव में एनसीपी के उतरने का किया ऐलान

**हैदराबाद,14 अप्रैल2023(ए)।** शरद पवार की विपक्षी एकता के नाम पर कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के ठीक एक दिन बाद उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को कर्नाटक चुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया है। दरअसल, एनसीपी 10 मई को होने वाले कर्नाटक चुनाव में 40-45 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जहां भाजपा, कांग्रेस और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

**राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए लिया फैसलाः एनसीपी**

शरद पवार का यह निर्णय व्यापक विपक्षी एकता के लिए एक बड़ा झटका है, कथित तौर पर एनसीपी द्वारा हाल ही में अपना राष्टीय दर्जा खोने से जुड़ा हुआ है। इस मामले





पर बात करते हुए एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमें अपनी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा फिर से हासिल करने के लिए कदम उठाने होंगे।

**एनसीपी अलार्म क्लॉक सिंबल से लड़ेगी चुनाव**

चुनाव आयोग ने एनसीपी को कर्नाटक चुनाव के लिए अलार्म क्लॉक सिंबल आवंटित किया है। एनसीपी को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा क्षेत्र में महाराष्ट्र एकीकरण समिति के साथ साझेदारी करने की उम्मीद है, जो एक बड़ी मराठी आबादी का घर है।

**कांग्रेस के वोट बैंक में सेंधमारी कर सकती है एनसीपी**

राकांपा की उपस्थिति से उसकी सहयोगी कांग्रेस को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना है, जो इस चुनाव में अपनी संभावनाएं तलाश रही है, सत्तारूढ़ भाजपा भ्रष्टाचार और सत्ता विरोधी लहर के आरोपों से लड़ रही है।



## तिहाड़ जेल में गैंगवार

» बदमाश प्रिंस तेवतिया की चाकू घोंपकर हत्या,

» 3 कैदी घायल;मौके पर पहुंची पुलिस

**नई दिल्ली ,14 अप्रैल2023(ए)।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में गैंगवार की घटना सामने आई है। तिहाड़ जेल संख्या-3 में प्रिंस तेवतिया नाम के कैदी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वहीं, गैंगवार में तीन कैदी घायल हो गए है। पुलिस ने बताया कि घायल कैदियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दिल्ली पुलिस की एक टीम तिहाड़ जेल में पहुंची है और जांच कर रही है। पुलिस की निगरानी में कैदियों का इलाज किया जा रहा है। बदमाश प्रिंस तेवतिया दिसंबर में ही तिहाड़ जेल पहुंचा था। इसका गिरोह दक्षिणी दिल्ली में सक्रिय है। इस पर लगभग 16 मामले दर्ज हैं। प्रिंस तेवतिया की हत्या का आरोप रोहित चौधरी गैंग पर लगा है। मृतक के शव को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।

## एक करोड़ अवैध धन का खुलासा

» सोर्स नहीं बता पाए 2 को किया गिरफ्तार

**हैदराबाद ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आने के बाद चुनाव आयोग लगातार अवैध धन और अन्य गतिविधियों पर अपनी नजर रखे हुए है। इसी क्रम में, एसजे पार्क थाना पुलिस ने एक ऑटो से एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



**तलाशी करने पर मिले एक करोड़ रुपये**

दोनों आरोपियों की पहचान सुरेश और प्रवीण के रूप में हुई है। आरोपी ऑटो रिक्शा में रखे एक करोड़ की अवैध नकदी के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक के दोनों एचडी पार्क में कॉलिंगाराल बस स्टैंड के पास एक ऑटो से आ रहे थे। तभी चेक पोस्ट के पास पुलिस ने शक होने पर उन्हें रोका और तलाशी ली। तलाशी लेने पर ऑटो से एक करोड़ रुपये की अवैध नकदी बरामद हुई।

पुलिस ने नकदी से संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा तो दोनों बातें बनाने लगे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के पास नकदी से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं था। इसलिए दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने धनराशि जब्त कर आयकर विभाग को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

**राज्य में लागू है आचार-संहिता**

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है। इसमें उचित दस्तावेजों के बिना बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने की अनुमति नहीं है। तब भी लाखों-करोड़ों की नकदी बरामद की जा रही है। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को एक चरण में आयोजित किए जाएंगे।

## आबकारी मामले में अब अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करेगी सीबीआई

» जांच में शामिल होने के लिए किया तलब

**नई दिल्ली ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाला के बाद अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। दिल्ली में स्थित सीबीआई के मुख्यालय में अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल के दिन सुबह 11 बजे पहुंचना होगा।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पहले इस मामले




मामले में रविवार (16 अप्रैल) को जांच में शामिल होने के लिए तलब किया। सूत्रों ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों की एक टीम केजरीवाल की गवाही दर्ज करेगी।सीबीआई सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शराब घोटाले में कुछ सबूत इकट्ठा करने में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल जेल में हैं। सीबीआई इस मामले में पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है और वे सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने वाली है।

## यूपी में एनकाउंटर से पड़ोसी मुल्क में बवाल

» सीएम योगी के मैसेज से थर-थर कांपा पाकिस्तान

**नई दिल्ली ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** बीएसपी विधायक राजू पाल मर्डर केस के मुख्य गवाह उमेश पाल की 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इसके एक दिन बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में खुलकर कहा था कि इस हाउस में कह रहा हूं। इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।' इस बयान के 50 दिन के भीतर बीते गुरुवार (13 अप्रैल) को माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम मोहम्मद के एनकाउंटर ने सीएम योगी आदित्यनाथ के शब्दों पर मुहर लगा दी। बता दें कि असद यूपी के माफिया अतीक अहमद का बेटा था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इन शब्दों का असर अब देश के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी देखने को मिल रहा है। भारत में जिस तरह से सीएम योगी आदित्यनाथ का एक्शन माफिया के खिलाफ चला है उससे पड़ोसी मुल्क में भी खौफ समा गया है।इससे पहले



योगी हमेशा से ये कहते नजर आए हैं कि उनका मकसद यूपी से माफिया का सफाया करना है। असद के एनकाउंटर के बाद उसका कनेक्शन पाकिस्तान से जोड़ कर देखा जा रहा है।एनकाउंटर के घटनास्थल पर असद के पास से कुछ हथियार भी बरामद किए गए है। इस पर पुलिस ने बताया कि अतीक गैंग को पाकिस्तान से हथियार मिलते थे। पाकिस्तान के तरफ से जो हथियार ड्रोन के सहारे से भारत में गिराए जाते थे, उनका सबसे बड़ा खरीदार अतीक अहमद था। माफिया गैंग अतीक अहमद पर एक्शन के बाद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के भी होश उड़ गए।पाकिस्तान की मीडिया में योगी आदित्यनाथ को सबसे खतरनाक बताया जा रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर भी सीएम योगी बयान दे चुके हैं। उन्होंने एक बार अपनी सभा में कहा था कि भारत में पीएम मोदी 80 करोड़ लोगों को फ्री में अनाज दे रहे है। वहीं पाकिस्तान में 22 करोड़ की जनता को रोटी के लाले पड़ रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व को स्वार्थी और लालची कहा था।



## सपा के 128 कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव को भेजे इस्तीफे

» एकतरफा नीतियों का संचालन करने का लगाया गया आरोप

» प्रदेश नेतृत्व के रवैये पर कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

**मुजफ्फरनगर ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** निकाय चुनाव से पहले ही समाजवादी पार्टी की अंदरूनी तकरार सामने आने लगी है। पूर्व महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट सहित 128 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सामूहिक इस्तीफे भेजे है। प्रदेश नेतृत्व पर स्थानीय कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

बृहस्पतिवार को सदर बाजार स्थित शलभ गुप्ता एडवोकेट के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। पूर्व महानगर महामंत्री ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व स्थानीय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रहा है। सक्रिय कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर एकतरफा नीतियों का पालन किया जा रहा है। इसी वजह से सामूहिक इस्तीफे देने का फैसला किया गया। बताया कि पिछले दिनों संगठन में बदलाव किया गया है, लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं से बात तक नहीं की गई। इस्तीफे देने वालों की सूची में पूर्व उपाध्यक्ष जनार्दन विश्वकर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक गोयल, आशु गुप्ता, विजय बाटा, पूर्व महानगर कोषाध्यक्ष विकल्प जैन, सदस्य अमित जैन, अमित गुप्ता एडवोकेट, तरुण सौदे, विपिन गुप्ता, अरुण अग्रवाल, प्रवीण उपाध्याय समेत 128 नाम शामिल किए गए हैं।

**भाजपा की बड़ी टीम ने दिए हैं इस्तीफेः चौधरी**

सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि इस्तीफे देने वाले भाजपा की बी टीम के सदस्य थे। विधानसभा चुनाव के बाद से इनकी गतिविधियां संदिग्ध थी। प्रदेश नेतृत्व इन पर नजर रख रहा था। इनमें से कई भाजपा नेता गौरव स्वरूप की फैक्टरी में भी काम करते हैं। अगर पार्टी में कोई अन्य भी भाजपा की बी टीम का सदस्य होगा तो उसे बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया जाएगा।

**सपा ने ये किया है बदलाव**

समाजवादी पार्टी ने पिछले दिनों लंबे समय तक जिलाध्यक्ष रहे प्रमोद त्यागी की जगह जिया चौधरी एडवोकेट को जिलाध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा प्रदेश स्तर से पुष्पेंद्र त्यागी उर्फ बॉबी को महानगर अध्यक्ष, सलीम मलिक को महानगर सचिव, सोमपाल कोरी को जिला उपाध्यक्ष, विकिल कुमार उर्फ गोल्डी अहलावत को जिला महासचिव बनाया गया है।

## बैंक में बरसाई अंधाधुंध गोलियां

» सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर 13 लाख लूटे

**सोनपुर,14 अप्रैल 2023 (ए)।** बिहार के सारण जिले के सोनपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा से लगभग 13 लाख रुपया लूट लिए। इस दौरान बदमाशों ने बैंक में तैनात दो होमगार्ड जवानों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सोनपुर मंडल रेल चिकित्सालय के पास स्थित बैंक शाखा में घटी।

लूट के दौरान बदमाशों ने बैंक के दो सुरक्षागार्ड को गोली भी मारी जिसमें से 1 की मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था। घायल सुरक्षाकर्मी को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सोनपुर थाना क्षेत्र के डीआरएम ऑफिस के समीप की है।



यह इलाका वीआईपी है। दिनदहाड़े बेखौफ लुटेरों ने गन प्वाइंट पर घटना को अंजाम दिया है।

सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में हथियारों से लैस अपराधियों ने दो होमगार्ड जवानों की हत्या कर पंजाब नेशनल बैंक से दिनदहाड़े 13 लाख 28 हजार 197 रुपए लूट लिये। लूट और हत्या की इस बड़ी वारदात से जिले भर में सनसनी फैल गयी। घटना होते ही बैंक में मौजूद ग्राहक भाग खड़े हुए।

**अपराधियों की तलाश में जुटे पुलिस**

लूट की यह वारदात सोनपुर के डीआरएम कार्यालय परिसर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में हुई है। लगभग छह मिनट में लूट की घटना के अंजाम देने के बाद बदमाश पिस्टल लहराते वहां से निकल पड़े। अपराधियों की सारी करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई है और पुलिस फुटेज की जांच कर अपराधियों की तलाश में जुट गई है।बैंक में प्रवेश करते अपराधियों ने सबसे पहले होमगार्ड जवान महेश साह को निशाना बनाया। हेलमेट से लैस अपराधियों ने गार्ड को गाली मारी तो उन्हें रेलवे हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया होमगार्ड के दूसरे जवान रामनरेश राय को भी अपराधियों ने गोली मारी जिसे पीएमसीएच रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।रामनरेश सोनपुर थाना क्षेत्र के ही पहलेजा के रहने वाले थे आसपास मौजूद लोगों ने कहा कि घटना गुरुवार की दोपहर 12=20 के आसपास की है। अपराधियों की संख्या करीब पांच थी। इस घटना को अंजाम देने के बाद बाइक से अपराधी फरार हो गए। घटना में हुई मौत व लूटपाट मामले में सोनपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## सेना की फायरिंग में हुई 14 लोगों की मौत

### नागालैंड पुलिस को आदेश- जवानों पर नहीं चलेगा मुकद्दमा

**नई दिल्ली ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** केंद्र सरकार ने नागालैंड विवाद पर 30 सैनिकों पर मुकद्दमा चलाने की अनुमति नहीं दी है। राज्य पुलिस के अनुसार, केंद्र ने नागालैंड के मोन जिले में गोलीबारी की जांच करने वाले नागालैंड विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा दायर चार्जशीट में सेना के लोगों का नाम लिया गया था। नागालैंड



में दिसंबर 2021 में उग्रवाद-विरोधी अभियान में कथित रूप से शामिल 30 सैन्य कर्मियों के खिलाफ मुकद्दमा चलाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया है, जिसमें 14 स्थानीय युवक मारे गए थे।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि सक्षम प्राधिकारी (सैन्य मामलों के विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) ने सभी 30 आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा चलाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व सीएम चन्नी से 7 घंटे हुई पूछताछ

» जानबूझ कर परेशान और बदनाम कर रही सरकार

**चंडीगढ़ ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से मोहाली स्थित विजिलेंस के ऑफिस में 7 घंटे तक पूछताछ हुई। कांग्रेस नेता ने 11 बजकर 10 मिनट पर मोहाली कार्यालय के ब्यूरो में प्रवेश किया। उन्होंने इससे पूर्व अपनी पेशी निर्धारित तारीख से पहले किए जाने को लेकर राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार की निंदा की और दावा किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार बदले की राजनीति कर रही है।



उन्होंने कहा कि उन्हें हर तरीके से जलील और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उनके ऊपर नाजायज तौर पर केस बनाने की कोशिश की जा रही है। उनके पास जो भी कुछ था उन्होंने विजिलेंस के सामने पेश कर दिया है।

पूछताछ के बाद चन्नी ने कहा कि उन्हें पॉलिटिकली विक्टेमाइज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सब कुछ जानबूझ कर परेशान और बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मेरे ऊपर सैंकड़ों एकड़ जमीन और महंगी गाड़ियों के आरोप लगाए थे अब सरकार मुझे उस जमी पर खड़ा करके दिखाए कि वो मेरी है। सरकार के मुख्यमंत्री जो कहते थे कि उनके बेटे के पास महंगी गाड़ियां हैं वह दिखाए वह गाड़ियां कहां हैं।

## दया याचिका में अत्यधिक देरी से मौत की सजा का उद्देश्य हो जाएगा विफल : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,14 अप्रैल 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दया याचिका पर फैसला करने में अत्यधिक देरी से मौत की सजा का उद्देश्य विफल हो जाएगा। इसलिए राज्यों व सक्षम अधिकारियों द्वारा दया याचिका पर जल्द से जल्द फैसला लिया जाए। जस्टिस एम.आर. शाह और सी.टी. रविकुमार ने कहा कि यह सच है कि मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के दौरान अपराध की गंभीरता एक प्रासंगिक विचार हो सकता है, लेकिन दया याचिकाओं के निपटान में अत्यधिक देरी को भी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलते समय एक प्रासंगिक विचार कहा जा सकता है।अगर अंतिम निष्कर्ष के बाद भी दया याचिका पर फैसला करने में अत्यधिक देरी होती है, तो मौत की सजा का उद्देश्य और उद्देश्य विफल हो



जाएगा। इसलिए राज्य सरकारों /या संबंधित अधिकारियों को दया याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए, ताकि दोषी को को भी अपने भाग्य का पता चल सके और पीड़ित को भी न्याय मिल सके।

पीठ ने कहा कि जगदीश बनाम मध्य प्रदेश राज्य (2020) में, पांच साल से अधिक समय से लंबित दया याचिका के निपटान में देरी को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने का निर्देश दिया, और इस आधार पर मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने के अन्य फैसलों का भी हवाला दिया। शीर्ष अदालत का आदेश बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर एक याचिका पर आया।

## संपादकीय

# रिमोट ईवीएम योजना पर रोक

ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। यह अच्छी बात है कि चुनाव आयोग ने विपक्षी पार्टियों की ओर से उठाए गए इन सवालों पर विचार किया है और रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को टाल दिया है। चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर में एक कांसेप्ट नोट तैयार किया था और उसे करीब 60 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियों के पास भेजा गया था। इनमें से बहुत कम पार्टियों ने आयोग को अपना रिस्पांस भेजा है। ज्यादातर बड़ी पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। उनको लग रहा है कि घर से दूर प्रवासी मतदाताओं को अपने गृह क्षेत्र में वोट देने की सुविधा देने के लिए खासतौर से डिजाइन की गई इस मशीन का दुरुपयोग संभव है। वैसे भी ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर कई विपक्षी पार्टियों को बड़ी आपत्ति है और उन्होंने कई बहुत ठोस सबूतों के आधार पर अपनी आशंका चुनाव आयोग को बताई है।

ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। रिमोट वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने विशेष मशीन डिजाइन कराई है जिसमें एक मशीन में एक से ज्यादा चुनाव क्षेत्र का बैलेट पेपर अपलोड करना होगा और यह काम हर जिले का निर्वाचन अधिकारी करेगा। इसके लिए मशीन का इंटरनेट से जुड़ा होना जरूरी होगा। यानी आरवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं होगी। इसे रिमोटली हैंडल किया जा सकेगा। दूसरी समस्या हर शहर में पोलिंग बूथ बनाने और वहां जाकर वोट डालने के लिए लोगों को प्रेरित करने की है। तीसरी समस्या यह है कि छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार हर शहर में अपना पोलिंग एजेंट कैसे नियुक्त करेंगी? उनके लिए चुनाव बराबरी का मैदान नहीं रह जाएगा।

हालांकि चुनाव आयोग ने इस विचार को रद्द नहीं किया है। इसके प्रशासनिक, तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर काम चल रहा है। आयोग को निश्चित रूप से इस पर काम करना चाहिए क्योंकि भारत सर्वाधिक घरेलू प्रवासियों वाला देश है। करोड़ों लोग अपने घरों से दूर कामकाज के लिए जाते हैं और मतदान में हिस्सा नहीं ले पाते हैं। चुनाव आयोग से पंजीकृत मतदाताओं में से करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान नहीं करते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। इस संख्या में कुछ दोहराव भी होगा फिर भी अगर इनमें से जितने ज्यादा लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की सुविधा दी जाए उतना अच्छा है। साथ ही चुनाव आयोग को ध्यान रखना चाहिए कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ साथ मतदान की शुचिता भी बेहद जरूरी है।

# सावधान! हीट वेव को हल्के में न ले

गर्मियों का मौसम शुरू है और इस वर्ष यह कतई नार्मल नहीं होगा। तैयार हो जाए हीट वेव के लिए। पिछले सप्ताह तक बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के बेमौसम दौर से तापमान ठिकठाक रहा। लेकिन अब दिन-प्रतिदिन तापमान बढ़ता हुआ है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि अगले पांच दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम संबंधी एप्स की माने तो अगले एक हफ्ते में तापमान 40 डिग्री तक जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस साल गर्मी ज्यादा पड़ेगी, बहुत ज्यादा।हमें ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक दुष्परिणाम भोगने होंगे।इसी गर्मी में पूत के पांव पालने में दिखलाई पड़ेंगे।

इस साल की फरवरी,1901 के बाद की सबसे गर्म फरवरी थी। वही मार्च में जितनी बारिश हुई, उतनी पिछले सौ सालों में कभी नहीं हुई।अब अप्रैल से भारत के मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र की चेतावनी है कि तीन महीने का गर्मी का मौसम बहुत कष्टदायी होगा। पिछले साल भी हीट वेव तकलीफदेह रही थी। उसने दुनिया भर में गेंहू की आपूर्ति को प्रभावित किया था। इस बार भारत के मौसम के पूर्वानुमान को और ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गर्मी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। ऊर्जा मंत्रालय भी जरूरी कदम उठा रहा है। उसने बिजलीघरों को कोयले का आयात करने का निर्देश दिया है। कोयला भारत में बिजली उत्पादन का प्रमुख साधन है और कोयले का घरेलू उत्पादन संभवतः मांग की पूर्ति नहीं कर पाएगा।

परन्तु सारी तैयारियों के बावजूद आने वाले दिन कष्टकारी होने वाले हैं।

विश्व बैंक द्वारा नवंबर में जारी एक रपट में चेतावनी दी गई थी कि भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन सकता है जहां वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस (जो मनुष्य की सहन करने योग्य तापमान की उच्चतम सीमा है) से ऊपर होगा। वेट बल्ब टेम्परेचर क्या है? वह धूप में खड़े होने पर मनुष्य के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को मापने का एक तरीका है। वेट बल्ब टेम्परेचर की गणना हवा के तापमान और गति, वातावरण में नमी, सूर्य के कोण और बादलों की मौजूदगी आदि को ध्यान में रख कर की जाती है। जब वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो मनुष्यों के लिए पसीने से अपने शरीर को ठंडा रखना असंभव होता है। इस तरह यह वह अधिकतम तापमान है जिस पर मनुष्य जीवित रह सकता है। कुछ घंटों तक इस तापमान का सामना करने पर स्वस्थ से स्वस्थ व्यक्ति को भी लू लगने एवं मृत्यु होने का खतरा रहता है। सन् 2010 से 2019 के बीच भारत में उसके पिछले दशक की तुलना में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।




सन् 2019 में प्रकाशित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एल्फातिह एल्ताहिर एवं उनके सहयोगियों के एक शोधप्रबंध में चेतावनी दी गई है कि भले ही विश्व ग्रीन हाउस गैसों के उर्त्सजन में कमी की दिशा में प्रगति करे किंतु दक्षिण एशिया के बड़े इलाकों को 31 डिग्री तक के वेट बल्ब टेम्परेचर का सामना करना पड़ेगा, जो कि अधिकांश मनुष्यों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। एल्ताहिर का यह भी अनुमान कि पूरी दुनिया में फारस की खाड़ी ग्रीष्म लहर की दृष्टि से सबसे ख़राब क्षेत्र होगा। इसके बाद उत्तर भारत और फिर घनी आबादी वाले पूर्वी चीन का नंबर होगा। अगर कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं लाई गई और दुनिया वैसी ही चलती रही जैसे चल रही है तो 2071 से 2100 के बीच, करीब चार प्रतिशत आबादी को कम से एक बार छह घंटे की अवधि की मनुष्यों के लिए जानलेवा 35 डिग्री वेट बल्ब टेम्परेचर की हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। जो शहर इस तरह की हीट वेव में जलेंगे उनमें लखनऊ और पटना जैसे बड़ी आबादी वाले नगर शामिल हैं। भारत ने हालात से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक राष्ट्रव्यापी हीट एक्शन प्लान बनाया गया है। यह अहमदाबाद में सन 2013 में लागू की गई योजना पर आधारित है। ऐसा कहा जाता है कि इस योजना के अंतर्गत टेक्स्ट मैसेज भेजकर, बड़ी संख्या में पानी के प्याऊ खोल कर और लोगों को धूप में निकलने से बचने की सलाह देकर कम से कम 2000 जानें बचाई गईं थीं। इस साल यह योजना 23 राज्यों में लागू की जाएगी। सन 2017 से ही नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें गर्मी से निपटने की समग्र योजना लागू करने के लिए कह रहा है और उन्हें यह भी बता रहा है कि इससे कैसे जानें बचाई जा सकेंगी। इसमें कोई शक नहीं कि साल-दर-साल स्थिति और ख़राब होती जाएगी। साल-दर-साल सिन्धु-गंगा के मैदान में रहने वाली विशाल गरीब आबादी के लिए कई दिनों या कई सप्ताहों तक गर्मी के कारण जीना और मुहाल होता जायेगा। प्रो। एल्फातिह एल्ताहिर ने लिखा है कि भारत के लिए वैश्विक जलवायु परिवर्तन अब केवल अकादमिक चर्चा का विषय नहीं है, केवल एक अमूर्त खतरा नहीं है, वरन जीवन-मृत्यु का प्रश्न बन गया है। ग्लोबल वार्मिंग अब एक वैज्ञानिक अवधारणा नहीं रह गई है। वह एक भयावह सच्चाई बन कर हमारे सामने उपस्थित है और अत्यंत कार्यकुशल और साधन-संपन्न सरकारों के लिए भी इसे आपदा में बदलने से रोकना एक चुनौती होगा।

जो हो, फिलहाल तैयारी कीजिए बहुत गर्म और बहुत परेशान करने वाली गर्मियों की। खूब पानी पिएं, अपने आप को ठंडा रखें और यदि बहुत ज़रूरी न हो तो दोपहर को बाहर न निकलें। यह ज़िन्दगी का सवाल है।

**श्रुति व्यास**

# कांग्रेस के प्रति कोई ममता नहीं

कहावत प्रचलित है-'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेज'। राहुल गांधी और राष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर इन दिनों कुछ ऐसा ही चल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयान के बाद राहुल गांधी की लोक सभा की सदस्यता रद्द कर दी गई, इसे लेकर कांग्रेस समेत तमाम गैर-भाजपाई दल भले ही मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राहुल के साथ खड़े दिख रहे हों, बावजूद इसके ज्यादातर क्षेत्रीय दलों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस को आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस का साथ मंजूर नहीं है।

ऐसे में लाख टके का सवाल है कि इस तरह के बिखराव के बीच क्या 2024 में भाजपा को परास्त किया जा सकेगा।

कांग्रेस को अलग रखकर गठबंधन की जो सुगबुगाहट शुरू हुई है, क्या वह साकार हो पाएगी? देश का अगला प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहीं अग्निकन्या के नाम से मशहूर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी क्या सचमुच में ऐसा कर पाएंगी? राहुल का समर्थन, लेकिन कांग्रेस को दरकिनार कर तमाम राजनीतिक दल विशेषकर ममता अपनी राजनीति में सफल हो पाएंगी? कभी अकेले चुनाव लड़ने, अभी भाजपा और कांग्रेस से अलग मोर्चा बनाने जैसी घोषणाओं के पीछे आखिर, ममता की क्या मजबूरी है, या ममता बार-बार और इतनी जल्दी-जल्दी बयान क्यों पलट रही हैं।

इसे लेकर जहां राजनीति के पंडित माथापच्ची कर रहे हैं, वहीं भाजपा राहत की सांस ले रही है क्योंकि भाजपा के केंद्रीय नेताओं या कहें कि रणनीतिकारों को भली-भांति ज्ञात है कि विपक्ष विशेषकर ममता जितना रंग बदलेंगी, भाजपा के लिए 2024 की राह उतनी ही सहज होगी। बताते चलें कि जिस मुद्दे पर राहुल को लोक सभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा है, उसी तरह के मुद्दे को उछाल कर तृणमूल कांग्रेस अब प्रधानमंत्री मोदी को न केवल कठघरे में खड़ा करना चाहती है, बल्कि उनकी (प्रधानमंत्री) की सदस्यता रद्द करने की मांग भी कर रही है। तृणमूल का तर्क है कि जब प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक या हास्यास्पद शब्द बोलने पर राहुल को सजा सुनाई जा सकती है, तो फिर ममता बनर्जी के लिए 'दीदी-ओ-दीदी' जैसी व्यंग्यात्मक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्यूं नहीं ?

पच्चीस मार्च के पहले तक ममता कहती थीं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपी' हैं, लेकिन अदालत ने जैसे ही राहुल गांधी खिलाफ फैसला सुनाया, ममता एकाएक राहुल के पक्ष में बोलने और केंद्र सरकार खासकर नरेन्द्र मोदी को घेरने लगीं। सवाल उठ रहा है कि ममता ने अचानक पलटी क्यों मारी? क्या सचमुच में ममता राहुल के साथ खड़ी हैं? अगर हां, तो फिर ममता को उस कांग्रेस से परहेज क्यों है, जिसने उन्हें पहली बार सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था? या फिर क्या ममता राहुल के बहाने 2024 की गोटी सजाने में लगी हैं। जानकारों के एक पक्ष का मत है कि राहुल का मुद्दा उछाल कर ममता बताने की कोशिश कर रही हैं कि मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ लगातार गलत हो रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि ममता के सामने फिलहाल विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपने घर यानी पश्चिम बंगाल को बचाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है।

कहना गलत नहीं होगा कि अगले आम चुनाव में सूबे में तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत दांव पर होगी और इसकी वजह राज्य में भाजपा का बढ़ता जनाधार तो है ही, साथ ही कांग्रेस और वाम मोर्चा की बढ़ती लोकप्रियता भी है। सागरदिघी उपचुनाव में दोनों (कांग्रेस और वाम मोर्चा) ने तृणमूल कांग्रेस को पटखनी दी है, शायद इसीलिए ममता राहुल के साथ तो जरूर दिख रही हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ बिल्कुल नहीं। राहुल की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले के बाद विपक्ष के कई नेता राहुल गांधी के समर्थन में उतरे तो भाजपा के नेताओं ने कहा कि सब कुछ कानून के मुताबिक हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि ममता ने आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को सिरे से खारिज करना शुरू कर दिया है।

ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस की भूमिका पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह कहां रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, और हम क्षेत्रीय दल। राहुल और कांग्रेस के मसले को लेकर ममता पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है-'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेज'।

**शंकर जालान**

## यादों की लड़ी

टूट रही है वादों की लड़ी
छुट गई यादों की घड़ी
जब से हुई तुँ तलबगार
मोहब्बत की टुटी संसार
साथ चलने की खाई थी कसमें
काँटों को रौंद देगें पाकर रश्में
पर जब खुल गई प्रेम की द्वार
भूल गई तुँ पिछ्ली संसार
ठोकर खाया पर मैं ना घबराया
पीछे पीछे मैं चला बन साया
पर जब पाई तुमने वो मुकाम
फिर क्यूं ठुकराया मेरे मेहमान
मन में आशा की दीप जलाई
क्यूं कर दी तुँने जग में रूसवाई
कौन सी आन पड़ी रे नादान
क्यूं बहा दी शान में मेरी अरमान
अब क्या जवाब दूँ मैं इस जग को
क्यों ख्वाव झूठा दिखलाया हमको
अय रब अब तुँ सुन ले मेरी फरियाद
क्यूं रूलाया हमें जवाब दो आज



**उदय किशोर साह**
जयपुर
बाँका बिहार

## बची रहे पृथ्वी

बची रहे,माँ स्वरूप
इस धरा का धर्य एहसास
ताकि सीख सकें, जैविक जीवन में
दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठता संग विकास
बचा रहे, प्रभात का वो तेज
बची रहे, शाम की थोड़ी उदासी
निशा का वो नींद बचे
बचे ख्वाबों का मधुर स्वप्न
ओठों पें थोड़ी-सी मुस्कान बचे
बचे नयनों में थोड़ी-सी नमीं
उर्वी की उर्वरता बचे
बची रहे वो अनुपम सुगंध
बची रहे रत्नगर्भा के कुछ रत्न
बचा रहे वो दिव्य, देव-सी परम्परा
ताकि धरित्री संरक्षित
हेतु होता रहे कुछ यत्न
जमीं का वह बल बचे
जिससे बच सके द्रुम के बेसुध
धरणी के कुछ हरियाली बचे
बची रहे वर्षा, हवा,नदी झरने और
पोखर, तालाब
हरी-हरी दूब रंग बिरंगे फूल बचे
और पुष्पों पर नाचती तितलियाँ
अचला की वह
प्राकृतिक संसाधन बचे
जिससे बच सके,
जैविक जीवन की जैव-धारा
बची रहें, वो उम्मीद
आगामी पीढ़ी का
बचा रहे धरती का सौंदर्य
स्वच्छ निर्मल जल संग
ओजोन सहित नीला आकाश बचे
बचे थोड़े से स्वच्छ प्राणवायु
ताकि बढ़ सके इस मैदनी की आयु



**अभियंता प्रिंस कुमार**
सोनदीपी,
बेगूसराय (बिहार)

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# माफियागिरी और एनकाउंटर

## अपराधियों में डर का माहौल, सुरक्षा एजेंसियों के लिए संजीवनी बूटी

माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई से देश में भयमुक्त माहौल बनानें और आपराधिक ग्राफ को ज़ीरो टॉलरेंस करने में मदद मिलेगी - एडवोकेट किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आतंकवाद गुंडागर्दी माफियागिरी सहित आपराधिक गतिविधियों से हर देश परेशान है और अपने अपने स्तरपर नीतियां रणनीतियां बनाकर उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन उपरोक्त अपराधियों की अंतरराष्ट्रीय स्तरपर चैनल बनी रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता तथा उन्हें सुख सुविधाएं वित्तपोषण पैसों की फंडिंग सहित हथियारों ख़तरनाक वस्तुओं की आपूर्ति की चैनल से भी इनकार नहीं किया जा सकता जिसे चाकचौबंद तरीके से अंजाम दिया जाता है, इसीलिए ही 1923 में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन याने इंटरपोल की स्थापना की गई थी जिसमें आज 195 देश सदस्य हैं जो दुनिया के मोस्ट वांटेड अपराधियों के खिलाफ सात प्रकार के नोटिस जारी कर सकते हैं। प्रतिवर्ष यह विभिन्न मुद्दों पर सम्मेलन आयोजित करता है जिसमें सभी देशों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं इसी क्रम में, पिछली बार 1997 में हुई इंटरपोल की महासभा इस वर्ष 25 वर्षों के बाद 18 से 21 अक्टूबर 2022 तक यह इंटरपोल की 90 वीं महासभा नई दिल्ली भारत में आयोजित की गई थी, जिसमें सभी दिग्गज देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हमारे माननीय पीएम महोदय ने 18 अक्टूबर 2022 को महासभा को संबोधित किया था और 21 अक्टूबर 2022 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री समापन समारोह को संबोधित किया था। भारत में कुछ वर्षों से माफियागिरी और एनकाउंटर बहुत चर्चा में है। चूंकि दिनांक 13 अप्रैल 2023 को यूपी के एक बड़े माफिया के बेटे का एनकाउंटर हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे,माफियागिरी एट द रेट ऑफ इनकाउंटर, अपराधियों में डर का माहौल सुरक्षा एजेंसियों के लिए संजीवनी बूटी।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो यहां दशकों से आपराधिक गतिविधियां तो है ही परंतु, उसका रूपांतरण कुछ वर्षों से माफियागिरी के रूप में हो चला था और जन सामान्य से ही हफ्ताखोरी, जमीन कब्जे रूपी गतिविधियों में धन संपन्न होने के बाद माफियागिरी राजनीति गतिविधियों तक पहुंची और फिर स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा राज्यसभा और लोकसभा तक अपनी पैंठ के साथ पहुंचे और फिर सदस्यता तक मिल गई, जिसकी जिम्मेदारी जनता के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों, दलों



की भी है जिन्होंने उन्हें लोकतंत्र के इन मंदिरों तक पहुंचाया, लोकसभा में जनता ने तो राज्यसभा में दलों ने, जिससे उनका रुतबा बढ़ गया। परंतु बड़े बुजुर्गों का कहना है अति का अंत निश्चित है, इसलिए उस अति रूपी माफिया को किसी का डर चाहिए होता है। मेरा मानना है कि उसकी शुरुआत यूपी से हुई जब वहां एनकाउंटर, बुलडोजर नीति और अब माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे का संकल्प से माफियाओं, अपराधियों में डर का माहौल है जो अपराध को जीरो टॉलरेंस बनाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के लिए संजीवनी बूटी का काम करता है, जिसका अंजाम कुछ राज्यों में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि इनकाउंटर के डर से माफिया और अपराधी अपने को जेल में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, बुलडोजर के डर से आपराधिक गतिविधियां छोड़ रहे हैं। इसलिए अपराधियों में डर का माहौल अपराध मुक्त भारत की नीव का मुख्य पहिया बन गया है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 13 अप्रैल 2023 को एक माफिया के बेटे के एनकाउंटर की करें तो, आज दिन भर हर मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी खबर छाई रही किसी ने सराहना की तो किसी ने आलोचना की, परंतु पिछला रिकॉर्ड देखें तो कुछ इनकाउंटर पर प्रश्नचिन्ह भी लगे हैं। एक एनकाउंटर जिसमें चार आरोपी मारे गए और उसमें उन्हें फेक बताया गया। पोलिस आरोपियों पर हत्या का मुकदमा भी दायर हुआ था। परंतु आज के एनकाउंटर में केंद्रीय मंत्री सेवानिवृत्त जनरल ने, यूपी के सीएम की पहले की माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांनून व्यवस्था सीएम की प्राथमिकता है। वह यही रास्ता अपना रहा है। इससे ज्यादा हमें देखना या बोलना नहीं चाहिए। तरह-तरह की शब्दावली चलती है, राजनीति में तरह-तरह के शब्दों का इस्तेमाल होता है। लेकिन मुख्य बात कानून और व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भागता है और कानून से भागने की कोशिश करता है तो कार्रवाई की जाएगी। अगर झांसी में कार्रवाई हुई तो मैं पुलिस को बधाई देना चाहता हूं। अगर जिन लोगों के खिलाफ़ मामले दर्ज किए गए थे, जो लोग कानून से भागने की कोशिश कर रहे थे और कार्रवाई में लिप्त थे, जिसके कारण पुलिस फायरिंग हुई और उस दौरान उनकी मृत्यु हो गई, तो ऐसा पुलिस कार्रवाई में होता है। माननीय यूपी सीएम महोदय ने कहा, फरार चल रहे आरोपी को मार गिराने पर एसटीएफ की टीम को बधाई दी है, यूपी के माफियाओं को पाताल से भी खोजकर निकाला जाएगा । सीएम के बयान को गृह विभाग ने ट्वीट करके कहा कि प्रदेश में कानून का राज है।अपराधी और माफिया अब बख्शे नहीं जाएंगे। माननीय डेप्युटी सीएम यूपी ने कहा नए भारत के निर्माण की तैयारी है इस समाज में ऐसे अपराध की कोई जगह नहीं है। एसटीएफ टीम को बधाई देता हूं। जो अपराध करेगा वो बचेगा नहीं, उसे फांसी होगी और अगर पुलिस से भिड़ेगा तो पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक कार्रवाई है और बहुत बड़ा संदेश है कि अपराधियों का युग समाप्त हो गया है। स्पेशल डीजी, लॉ एंड ऑर्ड ने बताया कि आज 12ः30 से 1 बजे के बीच में एक सूचना के आधार पर कुछ लोगों को रोका गया तो दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस मुठभेड़ में 24 फरवरी को एक व्यक्ति की हत्या करने वाले दो लोग घायल हुए और बाद में इनकी मृत्यु हो गई।अभियुक्तों के पास से अत्याधुनिक विदेशी हथियार, बुलडॉग आदि बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पास जानकारी थी कि आज पेशी पर आए दो आरोपीयों को भागने में मदद करने के लिए मामले में उन्हें वापस यूपी ला रहे पुलिस के काफिले पर हमला हो सकता है। इस सूचना के मद्देनजर पुलिस और विशेष बलों की टीमों को तैनात किया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि माफिया के खिलाफ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इस नीति का परिणाम आज सबके सामने है। अभियुक्तों के पास से अत्याधुनिक विदेशी हथियार, बुलडॉग आदि बरामद हुए हैं। माननीय पूर्व सीएम नें आलोचनात्मक रूप से उठाया था सवाल।वहीं, इससे पहले उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि, 'झूठे एनकाउंटर करके सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। वो न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के व हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जाच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फ़ैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। वे भाईचारे के ख़िलाफ़ है।माननीय पूर्व लेडी सीएम ने आलोचनात्मक रूप से कहा माफिया के बेटे और एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चर्चायें गर्म हैं। लोगों को लगता है कि दो साल पहले वाले काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है।अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च स्तरीय जाँच जरूरी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि माफियागिरी ञ्च एनकाउंटर। अपराधियों में डर का माहौल सुरक्षा एजेंसियों के लिए संजीवनी बूटी है।माफियाओं के खिलाफ सखूत कार्रवाई से देश में भयमुक्त माहौल बनानें और आपराधिक ग्राफ को ज़ीरो टॉलरेंस करने में मदद मिलेगी।



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

# प्रिया की नई सहेलियाँ

गर्मी का मौसम था। स्कूलों की छुट्टियाँ हो चुकी थी। प्रिया का भी स्कूल जाना बंद हो गया था। कक्षा तीसरी की प्रिया बहुत सुंदर थी। गोरा रंग। गोल-मटोल चेहरा। फुंडा-फुंडा गाल। सुंदर नुकीली सुआनाक। लम्बे-घने बाल। यानी दिखने में खूबसूरत तो थी ही; पढ़ाई-लिखाई में भी नंबर वन। पर अपने मम्मी-पापा की अकेली संतान होने के कारण थोड़ी जिद्दी हो गयी थी। मन करते तक घर में अकेली खेलती थी; आखिर कब तक खेलती ? बोर हो जाती थी बेचारी। आसपास उसकी उम्र की एक भी बच्ची नहीं थी। इस मुहल्ले में पंद्रह दिन हुए थे उन्हें शिफ्ट हुए। मम्मी घर पर रहती थी। पापा काम पर चले जाते थे। जहाँ वे लोग पहले रहते थे, उस कॉलोनी की प्रिया को बहुत याद आती थी।




एक दिन प्रिया टीवी देख रही थी। कॉर्टून खत्म होते ही वह कुछ बोलती, इससे पहले मम्मी बोली- तुम एक काम करो प्रियू। एक छोटी सी कटोरी में पानी रखकर तुलसी चौरा के पास रख दो।

क्यों मम्मी ? प्रिया सोफे से उठते हुए बोली।

तुम रखो तो पहले। मैं तुम्हारे लिए बढ़िया नाश्ता बना रही हूँ। गुलगुल भजिया बना रही हूँ। सौंफ डाल दूँगी; और इलाइची भी। फिर मस्त बढ़िया गुबुल-गुबुल खाना। किचन से मम्मी बोली।

अरे वाह ! तब तो मजा आएगा मम्मी। हाँ... मम्मी ठीक है। कहते हुए प्रिया ने कटोरी भर पानी तुलसी चौरा के पास रखा। थोड़ी देर बाद देखती है कि कहीं से एक गौरैया आयी; और कटोरी के पास आकर बैठी। पहले वह इधर-उधर देखी। फिर कटोरी का पानी को पीने लगी। प्रिया को बहुत अच्छा लगा गौरैये को पानी पीते देख। उसने तुरंत अपनी मम्मी को आवाज लगायी; और दिखाया। दोनों बहुत खुश हुए। पानी पीने के बाद गौरैया फुर्र से उड़ गयी। मम्मी बोली- रोज ऐसे ही रखना प्रियू बिटिया। पशु-पक्षियों के लिए इस तरह भोजन-पानी की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है। ऐसी भीषण गर्मी में पशु-पक्षी थर्रा जाते हैं। कभी-कभी भूख-प्यास के मारे उनकी जान चली जाती है। प्रिया मम्मी की बातें बड़े ध्यान से सुन रही थी।

दूसरे दिन प्रिया ने एक बड़ी कटोरी में पानी रखा। पंद्रह-बीस मिनट बाद चार-पाँच गौरैया आयीं। वे पानी पीने लगीं। प्रिया अपने कमरे की खिड़की से देख रही थी। तभी दो गौरैया खिड़की के छज्जे पर आकर बैठ गयी। प्रिया को झाँक-झाँक कर देखने लगी। प्रिया खुशी से चहक उठी। मम्मी को बताने चली गयी। आकर दोनों ने देखा; फिर दोनों चिड़िया उड़ गयी। मम्मी बोली- % निराश नहीं होना मेरी रानी बिटिया। देखना वे कल फिर आएँगीं। फिर प्रिया नहाने बाथरूम चली गयी।

अब तो रोज तीन-चार नहीं; दर्जन भर गौरैया आने लगी थीं। प्रिया उनके आने से पहले ही कनकी, चने के छिलके या रोटी के टुकड़े कटोरी के पास रख देती थी ;और पहले से ज्यादा मात्रा में डाल दिया करती थी। गौरैयों को भी रोज-रोज प्रिया के घर आना अच्छा लगता था। उनकी संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही थी। जैसे ही गौरैया आतीं ,प्रिया उनके खाने के लिए कुछ न कुछ कटोरी के पास रख देती थी। पानी भी रख देती थी। सब के सब दाना चुगती; पानी पीती, और फुर्र हो जातीं। प्रिया आँगन में चार-पाँच जगहों पर अब मिट्टी के सकोरे में पानी रखती थी। अब तो गौरैये व प्रिया के बीच नजदीकी बढ़ने लगी थी। एकाध तो बिल्कुल पास ही आ जाती थी। कभी-कभी तो प्रिया के कंधे पर आकर बैठ जाती। गौरैये प्रिया की आवाज परखने लगी थी। तभी तो उसकी आवाज सुनकर कहीं पर भी रहती, आँगन पर आ जाती; और चींचीं-चींचीं करना शुरू कर देतीं। प्रिया भी उनकी आवाज सुनकर बाहर निकल आती। उन्हें छू-छू कर देखती ; और खुश होती।

दो-तीन महीने बीत गये। अब रोज सुबह प्रिया को उठाना गौरैयों का काम हो गया। सुबह प्रिया भी उन्हीं की आवाज से उठती थी। वे झुँड के झुँड प्रिया के कमरे में आती थीं ; और उसके बेड के पास खिड़की के ऊपर बैठ जातीं। घर भर वे प्रिया के पीछे-पीछे चलती थी। उन्हें किसी से कोई भय नहीं था। यह सब देख प्रिया के मम्मी-पापा कहते थे कि पशु-पक्षी भी प्रेम व आत्मीयता की भाषा अच्छी तरह समझते हैं, इसलिए कभी उन्हें भगाना या मारना नहीं चाहिए। जैसे ही प्रिया खिलौने लेकर बैठती, गौरैये भी उसके समीप आकर बैठ जातीं। कभी उसके कंधे पर,तो कभी पैर पर तो, कभी उसके खिलौनों के ऊपर। प्रिया के खेलते तक गौरैया चीचीं-चीचीं करते हुए इधर-उधर फुदकती रहतीं। अब तो प्रिया अपनी इन नई सहेलियों के साथ बहुत खुश थी।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
बालोद-छत्तीसगढ़

# शहर के सबसे व्यस्तम क्षेत्र में आधी रात को घुसा भालू, हडक़ंप

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग देवीगंज रोड सहित आस पास के क्षेत्र में आधी रात को जंगल की ओर से आया भालू शहर में विचरण कर रहा था। आपको बता दें कि बीती रात अंबिकापुर शहर में उस वक़्त इलाके में रहने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया, जब शहर के जिस इलाके में भालू को विचरण करते हुए देखा गया। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी गई. जहाँ मौके पर अंबिकापुर रेंज के वनविभाग सहित आलाधिकारी कड़ी मशक्कत के बाद सुबह शहर से वापस जंगल की तरफ भेज दिया गया है. इधर वन विभाग के रेंजर ने बताया कि गनीमत यह रही कि समय रहते भालू की जानकारी लग गई, क्योंकि रिहायशी इलाका होने की वजह से भालू अगर सुबह तक रुक जाता तो काफी परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ सकता था. वही शहर कुछ जंगल क्षेत्र से जुड़ा हुआ है. जिसकी वजह से आए दिन इस तरह की मामले सामने आते रहते हैं।



पिछ्ले कुछ दिनों से आस-पास के जंगलों से भटक कर जंगली जानवर शहर की ओर रूख कर रहे हैं। लगभग दो माह पूर्व जंगल से भटककर एक हाथी शहर से लगे खैरबार इलाकों में पहुंच गया था। हाथी कई दिनों तक क्षेत्र में विचरण करता रहा। इस दौरान हाथी ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था। इसके कुछ ही दिन बाद एक जंगली सूअर जंगल से भटककर महामाया पहाड़ से होते हुए शहर में पहुंच गया। इस दौरान सूअर ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया था। इसी बीच गुरुवार की रात जंगल से भटककर एक भालू



शहर में पहुंच गया। रात करीब 1 बजे कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। देवीगंज रोड में अचानक पेट्रोलिंग टीम को सडक़ पर भालू पर नजर पड़ी। वाहन को देखकर भालू इधर-उधर भागने लगा। पहले पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला और भालू के पीछा करता रहा और मामले की जानकारी वन हमला को दी। पहुंच कर मोर्चा संभागला। पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मोर्चा संभागला। इधर भालू देवीगंज रोड सहित कई रिहायसी क्षेत्रों में भ्रमण करता रहा। पुलिस व वन विभाग की संयुक्त ओीम सुबह तक सर्चिंग करती रही। रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि रात को पुलिस द्वारा जानकारी मिली की शहर में भालू घुस अया है। तत्काल टीम के साथ पहुंच कर मोर्चा संभाला गया। सर्चिंग सुबह तक चलती रही। भालू को शहर से खदेड़ते हुए गोधनपुर इलाके से लगे कल्याणपुर जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। गुरुवार की देर रात जंगल से भटककर भालू शहर के सबसे व्यवस्तम मार्ग देवीगंज रोड में पहुंच गया। जो शहर के कई इलाकों में भ्रमण करता रहा। गनीम रही की रात होने के कारण शहर में लोगों का आवागमन नहीं था। अगर भालू सुबह तक शहर में डटा रहता तो सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों पर हमला कर सकता था।रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि शहर में पहुंचे भालू को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। वहीं गोधनपुर, सरगवां, बांसबाड़ी व शहर में लगातार निगरानी बनाया गया है। इन क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। रात्रि में सावधानी पूर्वक घरों से बाहर निकलने की बात कही गई है।

## मोबाइल चोरी कर फोन पे से निकाल लिए गए 52 हजार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

एक युवक का मोबाइल 10 अप्रैल को गुदरी बाजार से चोरी हो गई थी। उक्त मोबाइल में फोन पे था। मोबाइल चोरी होने के कुछ ही देर बाद पीड़ित के खाते से 52 हजार रुपए निकाल लिया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाबर अली अंसारी नावागढ़ का रहने वाला है। वह 10 अप्रैल की शाम को वह किसी काम से गुदरी बाजार गया था। वहां इसका मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल चोरी होने के कुछ ही देर बाद इसके खाते से 52 हजार रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। दूसरे दिन जब वह बैंक जाकर पता किया तो पता चला की विशाल ठाकुर नामक व्यक्ति के फोन पे द्वारा पैसा ट्रांसफर किए जाने का पता चला। बाबर अली ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरी की दो बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

चोरी की दो बाइक के साथ सीतापुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार दो अलग-अलग मामले में चोरों ने घर के आंगन से बाइक चोरी कर ली थी। दोनों पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबीर सूचना मिली की सीतापुर निवासी शनि राम उर्फ जकनू राम माझी चोरी की बाइक अपने घर में रखा है। सूचना पर पुलिस शनि राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह बाइक चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की दो बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शनि के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, रामबचन राम, आरक्षक अभिषेक राठौर, धनकेश्वर यादव, पंकज देवांगन शामिल रहे।

## उत्साह के साथ गोपातु ग्राम में मनाया गया अंबेडकर जयंती

- संवाददाता -

**कुसमी, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

विकासखण्ड क्षेत्र के गोपातु ग्राम में आज शुक्रवार को उत्साह के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की





133वी जन्म जयंती मनाई गई, मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष हुमन्त सिंह शामिल हुये और ग्राम में डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई ,वही कार्यक्रम में हुमन्त सिंह, सरपंच मनबहाल,शिवचरण नाग,भुलन भगत ,सुनील नाग,जितेंद्र भगत सहित अन्य अतिथियों के उपस्थिति में डॉ भीमराव अंबेडकर की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,कार्यक्रम में खसरू बुनकर के द्वारा सभा को सम्बोधित करते हुये डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला और लोगो से बाबा साहब के द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने को कहा,वही अंबेडकर जयंती पर जनपद अध्यक्ष हुमन्त सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना करते हुये संविधान में प्राप्त अधिकारों का वर्णन करते हुये बालक बालिकाओं से मेहनत के साथ पढ़ाई करने को कहा गया,वही कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष को लोगो ने क्षेत्र की समस्याओं से भी रूबरू कराया,जिसपर उन्होंने जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन भी दिया,कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी सभा को सम्बोधित किया, कार्यक्रम में गोपातु चरहटकला,टाटीझरिया ग्राम सहित अन्य आसपास के ग्राम के लोग शामिल हुये।

## रिंग रोड के किनारे संचालित आधा दर्जन गैरेजों में चोरी

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

नमनाकला स्थित रिंग रोड में संचालित एक चोर ने आधा दर्जन गैराजों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर कई गैरेज से गैस कट्टर, रेगुलेटर, गैस वैल्डिंग टार्च सहित अन्य सामान पार कर दिया है। कुल चोरी 40 हजार रुपए की बताई जा रही है। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। गैरेज संचालकों ने मामले की जानमारी पुलिस को दी है।

जानकारी के अनुसार नमनाकला स्थित रिंग रोड के दोनों ओर काफी संख्या में गैराज संचालित है। गुरुवार की रात को शकल, अखिलेश, लक्ष्मण, भोला, लखन सहित आधा दर्जन गैराजों में एक चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर कई गैरेज से गैस कट्टर, रेगुलेटर, गैस वैल्डिंग टार्च सहित अन्य सामान पार कर दिया है। कुल चोरी 40 हजार रुपए की बताई जा रही है। चोरी की घटना एक गैरेज में लगे सीसीटीवी में



कैद हुआ है। गैरेज संचालकों ने मामले की शिकायत थाने में की है।

## पानी में डूबने से पिता व पुत्री की मौत

» 18 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने दोनों शवों को पानी से निकाला

» एक ही परिवार के दो सदस्यों के पानी में डूबकर हुई मौत से गांव में पसरा मातम

- संवाददाता -

**उदयपुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

ग्राम जरहाडीह में शुक्रवार को रामू उम्र 40 वर्ष अपने 08 वर्षीय पुत्री कान्शी के साथ मछली मारने खालमुड़ा दोपहर 12 बजे करीब गया हुआ था। खाल मुड़ा इनके घर से लगभग 01 किलोमीटर दूर जंगल किनारे स्थित है। मछली मारने इन दोनों के अलावा मृतक रामू का बेटा विनोद उम्र 10 वर्ष, आंशी उम्र 05 वर्ष भी साथ गये थे । इसकी बड़ी बेटी मांशी उम्र 15 वर्ष घर पर ही थी। दोपहर 1 से 2 बजे के बीच मछ्ली मार लेने के बाद रामू ने अपनी एक बेटी कान्शी को पीठ में उठ लिया और



पानी के बीचों बीच पार होने लगा बेटा विनोद तथा एक बेटी आंशी को सुखे हुए रास्ते व मेड़ से घर की ओर जाने को बोला इसी बीच पानी में लगभग 30 मीटर दूर जाने पर पीठ में सवार बच्ची पानी में पहले डूबने लगी और अपने भाई बचाने की गुहार लगाने लगी तब विनोद ने अपने पिता को छोटी बहन को बचाने गुहार लगाई इस पर रामू ने जवाब दिया पैर फंस गया है विनोद ने पुनः कहा वापस आ जाईये तब रामू ने कहा पैर कीचड़ में फंस गया है और धीरे धीरे दोनों गहरे पानी में समाने लगे । पानी में समाने से पहले रामू ने अपनी बेटी को बचाने का भरपुर प्रयास किया सबसे पहले उसने बेटी को पीठ से सिर पर रख लिया नाक और मुंह में पानी जाने की नौबत आने से पहले उसने बेटी को एक बार फिर दोनों हाथों से सिर के उपर तक उठा लिया और अंततः जब पानी में डूबने लगा तो बेटी भी हाथ से छुट गई और वह भी गहरे पानी में समा गई । दोनों को पानी में समाते छोटा बालक विनोद व बच्ची आंशी देखते रहे परंतु कुछ कर नहीं पाये।

कुछ देर बाद गांव के लोग आए तो घटना की सूचना पुलिस वालों को दी गई पुलिस की टीम मौके पर पहची और गांव के धनेश्वर, बाबुलाल, अशोक सहल और अन्य लोगों को पानी में डूबे लोगां की तलाश के लिए भेजा गया परंतु सफलता हासल नहीं हुआ ।

अंततः एसडीआरएफ अम्बिकापुर की टीम को सूचना दी गई और एसडीआरएफ की टीम सायं 7 बजे करीब घटना स्थल आकर खोजबीन की परंतु रात होने से सफलता नहीं मिली, और रेस्क्यू का काम रोकना पड़ा। शुक्रवार को सुबह 7 बजे फिर से खोजबीन शुरू किया गया एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बासुदेव यादव के नेतृत्व में आई एसडीआरएफ की टीम को सफलता मिली कीचड़ में फंसे रामू को सबसे पहले पानी से निकाला गया फिर छोटी लड़की को पानी से निकाला गया ।

पुरी कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक समरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक संतोश गुप्ता आरक्षक देवनारायण कंवर, रविन्द्र साहू अजय शर्मा सैनिक अपिकेश्वर और नीरज साहू सक्रिय रहे।


## जंगल में आग धधक रहे, वन संपदा हो रहे बर्बाद...

### गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान रेहण पार्क परिक्षेत्र टीम नहीं दे रहा इस पर कोई ध्यान...

- ओमकार पांडेय -

**सूरजपुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

जिले के दूरस्थ ग्राम चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से जंगल में भीषण आग लगी हुई है। इस आग पर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान रेहण्ड पार्क परिक्षेत्र क्षेत्र महुली, वन विभाग बिहारपुर द्वारा आग पर काबू पाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में जंगल के आस-पास स्थित ग्रामीणों के घर अब आग की चपेट में आ सकते हैं। इस आग ने जंगल के बीच वन प्राणी छोटी बड़ी विशाल पेड़ वही प्रदूषण गांव की ओर कई बीमारियों को दे रहा हैं न्यौता पुरा गाव हो रहा हैं धुआं धुआं । अवन्तिकापुर, कोल्हुआ, महुली, कछवारी, चोंगा, खैरा, करौटी पेंडारी, पासल, नवडिहा, कछिया, जुडवनीया मोहरसोप, बसनरा, खोहिर, बैजनपाठ, लुल, तेलाईपाठ, भून्डा, रसौकी, रामगढ़, उमझर, पालकेवरा, छतरंग, बाक, के जंगल हो रहे हैं प्रभावित ।गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के जंगल में क़रीब सप्ताह भर से भीषण आग लगी हुई है। आग को बुझाने न तो प्रशासन, नही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान एव वन विभाग द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में उन ग्रामीणों को परेशानी हो रही है जिनके घर जंगल के बीच स्थित हैं। जंगल में लगी आग का रुख अब इन गांव की ओर हो गया है। जंगल में चारों





ओर आग की लपटें और धुएं के गुबार नजर आने लगे हैं। चांदनी-बिहारपुर से लगे पहले ही जगल में आग ने भीषण रूप लिया और जंगल पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जंगल में लगी भीषण आग से पूरा जंगल साफ हो जा रहा हैं। वन विभाग ने भी मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों ने आग को बुझाने की मांग वन विभाग से की है।

छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश सीमा लगा गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का जंगल है इसलिए मध्य प्रदेश के सिंगरौली के ग्रामीण महुआ बनने के लिए बसेरा लेकर उद्यान क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं ग्रामीणों का कहना है महुआ फुल बिन्री के लिए आए हुए हैं

### गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का रेंजर महीनों से चांदनी बिहारपुर क्षेत्र से नदारद है

गुरु घासीदास एवं वन विभाग द्वारा बताया जाता है कि जंगल में आग लगने से हमें सेटेलाइट द्वारा रायपुर से ही पता चल जाता है लेकिन यह सब नाकाम साबित हो रहा है

### इसके बारे में रेंजर ने कहा...

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के रेंजर ललित साय पैकरा से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमें भी जानकारी है कहां-कहां आग लगा है बॉडीगार्ड एवं फरवाच भेजकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरी के 2 मोटर सायकल सहित दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



- संवाददाता -

**सूरजपुर, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।**

दिनांक 13.03.2023 को ग्राम उंचडीह निवासी महेन्द्र विश्वकर्मा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल को एक व्यक्ति के बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया था जहां वह अपने हीरो स्पेलेण्डर प्रो मोटर सायकल से गया और मोटर सायकल को खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया वापस आकर देखा तो मोटर सायकल वहां नहीं था कोई अज्ञात चोर ने मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

वहीं दूसरे मामले में ग्राम सुन्दरपुर निवासी बरन राम चेरवा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बजाज सीटी 100 मोटर सायकल से बसदेई बाजार गया था जहां मोटर सायकल खड़ा कर सब्जी लेने गया था जब वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी करंजी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि मोटर सायकलों को ग्राम महेशपुर निवासी अनिल सारथी एवं उंचडीह के राम कुमार सारथी के द्वारा चोरी किया गया है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अनिल सारथी उर्फ पवन पिता गंगाराम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम महेशपुर, चौकी लटोरी, हाल निवासी उंचडीह एवं रामकुमार पिता हरकेशर उम्र 22 वर्ष निवासी उंचडीह, चौकी बसदेई को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से 1 नग मोटर सायकल तथा बसदेई बाजार से 1 नग मोटर सायकल चोरी किए है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 2 नग मोटर सायकल कीमत 81000 रूपये को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई मानिक दास, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक लिनुस लकड़ा, आनंद सिंह, आरक्षक विश्वजीत सिंह, अमित सिंह, सुरेश साहू, बाबुनाथ, देवदत्त दुबे व प्रेम सिंह सक्रिय रहे।

# विदेशी दौरे पर मोजाम्बिक पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर, कहा-सहयोगी के हितों को हम प्राथमिकता देते हैं

**नई दिल्ली,14 अप्रैल 2023।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय विदेशी दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को वे अफ्रीकी देश मोजाम्बिक की राजधानी मापुटो में थे। उन्होंने कहा कि भारत मोजाम्बिक के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने कहा कि विकास के लिए नई दिल्ली की नीतियों में अपने साथी का हित प्राथमिकता रहती है। उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सात सालों में दोनों देशों के संबंधों में काफी बदलाव आया है।

### हम एक-दूसरे से गहराई से बंधे हुए हैं

जयशंकर ने कहा कि हमारे बीच एक ऐतिहासिक संबंध है। यह संबंध आज से नहीं, बल्कि उस समय से है, जब मोजाम्बिक अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था। दशकों से हमारे नेता, हमारे लोग और हमारे समाज एक-दूसरे से गहराई से बंधे हुए हैं। आज दोनों देश विकास राह पर हैं, इसलिए हम दोनों एक दूसरे के लिए काफी काम कर सकते हैं। विकासशील देशों की जिम्मेदारी होती है कि वह यह सुनिश्चित कर सके दूसरे देश उसके अनुभवों को समझ सके।

### हम सहयोगी के हितों को प्राथमिकता देते हैं

जयशंकर ने कहा कि अगर मोजाम्बिक को आतंकी गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है तो इसी चुनौती का सामना करने वाले देश के तौर पर यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम आपकी मदद करें। उन्होंने पीएम के युगांडा दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि हम अपने सहयोगियों के हितों को प्राथमिकता देते हैं, हम आपसे



पूछेंगे कि क्या आप हमें अपने हित और प्राथमिकताएं बता सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास ऐसा कुछ है, जो मूल्यवान है, तो मदद करने के लिए हमेशा तैयार हैं। इससे अफ्रीका में भारत के बढ़ते प्रभाव को मोजाम्बिक में स्पष्ट देखा जा सकता है।

### दुनिया मुश्किल दौर से गुजर रही है

विदेश मंत्री ने जी-20 पर बोलते हुए कहा कि विकास के अनुभवों को साझा करने और संकट में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने के मकसद भारत जी-20 का हिस्सा है। दुनिया इस समय एक मुश्किल दौर से गुजर रही है, इसलिए जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 का पहला अध्यक्ष है, जिसने 125 अन्य देशों से सलाह किया। जयशंकर ने कहा कि भारत शुरू से बहुत स्वतंत्र विचारों वाला देश रहा है।

### हम रिश्तों को एक नए स्तर पर लेकर जा सकते हैं

जयशंकर ने कहा कि भारत कभी कोई काम अपने लिए नहीं करता। हम जागरूक हैं, हम जानते हैं कि हमारा विकास एक-दूसरे पर निर्भर करता है। इसलिए भारत के लिए मोजाम्बिक के साथ संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। मोजाम्बिक का भारत के लिए अधिक महत्व है। पीएम मोदी का संदेश है, इसलिए मैं आज यहां हूं कि बता सकूं कि मोजाम्बिक के साथ हम रिश्तों को एक नए स्तर पर लेकर जा सकते हैं। मोजाम्बिक के साथ हर साल हम चार अरब डॉलर का कारोबार करते हैं, भारतीय कंपनियों ने 11 अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा काम यह है कि इस रिश्ते को कैसे गहरा किया जाए।

## फिर आ सकती है कोविड जैसी महामारी,रिपोर्ट में दावा- हर दिन हो सकती है 15 हजार की मौत!



**नई दिल्ली, 14 अप्रैल 2023।** करीब तीन साल बीत जाने के बाद भी दुनिया कोरोना महामारी के साए से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाई है। अब एक नई रिपोर्ट ने चिंता को और बढ़ा दिया है। दरअसल एक स्वास्थ्य विश्लेषक फर्म ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि 27.5 प्रतिशत आशंका है कि अगले दशक में कोरोना जैसी एक और खतरनाक महामारी दुनिया में दस्तक दे सकती है। हालांकि रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि समय से महामारी की वैक्सीन बनाकर उसके खतरे को कम किया जा सकता है।

### क्या है रिपोर्ट में

लंदन की Airfinity Ltd. नामक फर्म का दावा है कि जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय यात्राओं में बढ़ोतरी, बढ़ती जनसंख्या और जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों के चलते महामारी फैलने की आशंका बनी हुई है। हालांकि कंपनी ने ये भी कहा है कि अगर नई संक्रामक बीमारी का पता चलने के बाद 100 दिनों के भीतर ही उसकी वैक्सीन बना ली जाएगी तो महामारी का खतरा कम होकर 8 प्रतिशत तक रह जाएगा।

कंपनी का कहना है कि अगर हालात बिगड़ते हैं और काबू से बाहर हो जाते हैं तो बर्ड फ्लू जैसे वायरस के संक्रमण से अकेले ब्रिटेन में ही हर दिन 15 हजार लोगों की मौत हो सकती है। बीते दो दशकों में दुनिया ने तीन बड़ी महामारी देखी हैं, जिनमें कोरोना महामारी, सार्स, स्ध्व्रऋ और स्वाइन फ्लू जैसी महामारी शामिल है।


HzNv बर्ड फ्लू का संक्रमण भी चिंता बढ़ा रहा है। हालांकि अभी इससे संक्रमित लोग की संख्या कम है और इसके इंसानों से इंसानों में फैलने के भी संकेत नहीं मिले हैं। हालांकि पक्षियों और स्तनधारी जीवों में फैलने की दर तेज है, जिससे चिंता बनी हुई है। कई खतरनाक बीमारियों जैसे जीका, मर्स आदि का वैक्सीन भी अभी तक नहीं मिल सकी है। ऐसे में स्वास्थ्य वैज्ञानिकों को तुरंत ऐसे कदम उठाने होंगे, जिससे भविष्य में आने वाली महामारी से निपटा जा सके।

## 47 साल बाद सामने आई प्लेन क्रैश की वजह, हादसे में गई थी कई नेताओं की जान; मलेशिया का मामला

**नई दिल्ली,14 अप्रैल 2023।** मलेशिया में एक टॉप सीक्रेट फाइल को 47 साल बाद सार्वजनिक किया गया है। बता दें कि साल 1976 में मलेशिया में एक विमान हादसा हुआ था, जिसमें कई बड़े राजनेता और मंत्री मारे गए थे। विमान हादसे के बाद से ही इसकी फाइल को मलेशिया की सरकार ने गुप्त रखा था और हादसे की वजह सार्वजनिक नहीं की थी। अब लोगों की भारी मांग के बाद मलेशिया की सरकार ने 1976 में हुए विमान हादसे की फाइल को सार्वजनिक कर दिया है। फाइल से खुलासा हुआ है कि विमान हादसे की वजह उसमें सामान का ठीक से नहीं भरा जाना था, जिस वजह से वह विमान क्रैश हुआ।

### क्या थी विमान हादसे की वजह

मलेशिया सरकार ने 21 पेज की जानकारी बुधवार को सार्वजनिक की है, उसके अनुसार, जो विमान हादसे का शिकार हुआ, वो ऑस्ट्रेलिया की सरकारी एयरक्राफ्ट फैक्ट्री में बना था। विमान सबाह राज्य की



राजधानी कोटा किनाबालु जा रहा था, जब वह समुद्र में समा गया था। इस विमान हादसे में सबाह राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री तुन फुआद स्टीफेंस और राज्य के आवास मंत्री, वित्त मंत्री और संचार मंत्री की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला कि विमान में किसी तरह की कोई खराबी थी या फिर आग लगने की घटना या विस्फोट हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया है कि विमान में तय मानकों से ज्यादा सामान भरा गया था और उसे ठीक तरह से भी नहीं भरा गया था, जिसकी वजह से विमान का हवा में संतुलन बिगड़ा और यही उसके हादसे की वजह बनी।

### मृतकों के परिज़नों ने की थी मांग

विमान हादसे की फाइल को गुप्त रखने के सरकार के फैसले का विरोध हो रहा था और मृतकों के परिजन लंबे समय से इस फाइल को सार्वजनिक करने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद बीते दिनों मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात कही थी। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि विमान में दो पायलट सवार हो सकते हैं लेकिन इस विमान में एक ही पायलट सवार था। पायलट के हादसे के वक्त नशे में होने की बात कही जा रही थी लेकिन रिपोर्ट में ऐसी कोई बात नहीं है। हालांकि रिपोर्ट में ये बताया गया है कि विमान के पायलट का रिकॉर्ड अच्छा नहीं था और वह एक औसत दर्जे का पायलट था।

मलेशिया सिविल एविएशन विभाग, एयर फोर्स के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के ट्रांसपोर्ट विभाग ने मिलकर इस हादसे की जांच की थी। 25 जनवरी 1977 को इस हादसे की रिपोर्ट तैयार हुई थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है।

## यूक्रेनी राष्ट्रपति और उनकी टीम पर गंभीर आरोप

### दावा- ईंधन खरीद सहायता से 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का गबन किया

**कीव,14 अप्रैल 2023।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और उनके सहयोगियों पर 400 मिलियन डॉलर के गबन का आरोप लगा है। अमेरिकी पत्रकार ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है, जिसे रूस के सरकारी मीडिया ञ्जस्स् ने अमेरिकी पत्रकार का हवाला देते हुए प्रकाशित किया है। रिपोर्ट में आरोप है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति और उनके सहयोगियों ने डीजल खरीद में यह गबन किया है। बता दें कि अमेरिकी पत्रकार सेमर हेर्स ने अपनी वेबसाइट पर यह रिपोर्ट अपलोड की है।

**क्या है रिपोर्ट में**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और उनके सहयोगियों ने डीजल खरीद के लाखों डॉलर की हेराफेरी की है। सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी ने अपनी



रिपोर्ट में माना है कि बीते साल ही करीब 400 मिलियन डॉलर का गबन किया गया है। हालांकि अभी तक यूक्रेन में कोई प्रोफेशनल ऑडिट रिपोर्ट जारी नहीं हुई है। हेर्स की रिपोर्ट में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलीवन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं और अमेरिकी सरकार में जारी संकट के लिए इन दोनों को जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोप है कि व्हाइट हाउस और अमेरिकी खूफिया एजेंसियों के बीच तालमेल में कथित तौर पर गड़बड़ी है।

**अमेरिका कर रहा यूक्रेन की मदद**

बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से ही अमेरिका द्वारा यूक्रेन की मदद की जा रही है। यूएस, यूक्रेन को लाखों डॉलर की आर्थिक मदद दे चुका है। बीते महीने ही अमेरिका ने यूक्रेन को 350 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद देने का एलान किया था। यह मदद यूक्रेन को हथियारों की खरीद में मदद देने के लिए की गई थी। अमेरिका कई और देशों से भी यूक्रेन को मदद दिलाने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद से यूक्रेन को करीब 29 बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद मिली है।

## अफगानिस्तान से निकलते वक्त कुत्तों को वहीं छोड़कर आई फौज,ट्रंप का बयान वायरल

**नई दिल्ली,14 अप्रैल 2023।** अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति द्वारा किया गया एक खुलासा अमेरिका में चर्चा का केंद्र बना हुआ। दरअसल, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों दिए गए एक इंटरव्यू में कहा था कि अफगानिस्तान छोड़ते वक्त सेना ने अपने कुत्ते वहीं छोड़ दिए थे। ट्रंप के खुलासे के बाद लोगों का कहना है कि एक ऐसा देश, जहां कुत्तों को पसंद ही नहीं किया जाता, वहां कुत्तों को अकेला कैसे छोड़ सकते हैं।

### 10 हजार फीट लंबा रनवे है

एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने कहा था कि सेना ने सब कुछ छोड़ दिया। रात के अंधेरे को छोड़ दिया। रोशनी को छोड़ दिया, कुत्तों को भी छोड़ दिया। सेना के रहते हुए पिछले 18 महीनों से वहां एक भी मौत नहीं हुई थी। अमेरिका चीन के कारण वहां आत्मसमर्पण कर रहा था। हम सेना को वहां से बाहर निकाल रहे थे। 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर के उपकरणों को वहां छोड़ रहे थे। हम बगराम छोड़ रहे थे (बगराम से एक



घंटे की दूरी पर चीन परमाणु हथियार बना रहा था।) दुनिया का सबसे बड़े वायु सेना का कैंप वहां है, 10 हजार फीट लंबा रनवे है वहां। मैं वहां चीन के कारण रुका हुआ था, न कि अफगानिस्तान के कारण।

### बाइडेन को एक कमजोर अफगानिस्तान मिला

व्हाइट हाउस ने 2021 की गर्मियों में एक 12 पन्नों का दस्तावेज जारी किया था। इसमें सेना वापस बुलाने के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया गया था। इस दस्तावेज में बाइडन प्रशासन ने कहा कि अफगानिस्तान से सेना कैसे निकाली जाए, वह पूर्व राष्ट्रपति का ही प्लान था। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि बाइडेन को एक कमजोर अफगानिस्तान मिला। किर्बी ने कहा कि बाइडेन के पास सिर्फ एक विकल्प था, या तो सेना वापस बुला ले या फिर तालिबान से युद्ध शुरू कर दे। उस दौरान सेना को वापस बुलाना ही सही लगा। एक विकल्प की स्थिति ट्रंप सरकार के कारण आई थी।

# प्रचंड ने तीन साल पुराने बयान पर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब;5000 हत्याओं की ली थी जिम्मेदारी

**काठमांडू ,14 अप्रैल 2023।** नेपाल में माओवादी विद्रोह के दौर में हजारों लोगों की हत्या का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस बीच, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने देश के सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि उनके खिलाफ दायर रिट याचिका रद्द की जाए। तीन साल पहले प्रचंड ने 5,000 लोगों की हत्या की कथित तौर पर नैतिक जिम्मेदारी ली थी। प्रचंड के खिलाफ जांच के लिए अदालत के आदेश की मांग करने वाली रिट याचिकाओं पर 10 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की थी। शीर्ष कोर्ट ने प्रधानमंत्री से लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए कहा था कि उनके खिलाफ आदेश क्यों न जारी किया जाए, जैसा कि याचिकाकर्ताओं ने मांग की है।

### प्रचंड ने सुप्रीम कोर्ट को दिया यह लिखित जवाब

काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक, प्रचंड ने गुरुवार को शीर्ष कोर्ट को13 बिंदुओं में भेजे लिखित जवाब में कहा कि याचिका को रद्द किया जाना चाहिए, क्योंकि इसका कोई संवैधानिक आधार और कारण नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका बयान नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 17 (2) द्वारा गारंटीकृत भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकारों का प्रयोग है और सभी नागरिक समान तरीके से अधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

### मेरा बयान पूरी तरह से राजनीतिक अभिव्यक्तिः पुष्प कमल दहल प्रचंड

प्रचंड ने कहा कि विद्रोही पक्ष द्वारा संघर्ष के समय हुई सभी मौतों की नैतिक जिम्मेदारी लेना व्यापक शांति समझौते और नेपाल के संविधान की भावना के खिलाफ है और उनका बयान पूरी तरह से एक राजनीतिक अभिव्यक्ति है और इसे न्यायिक प्रक्रिया से परे अभिव्यक्ति माना जाना चाहिए।

अखबार की खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वह



सत्य एवं सुलह आयोग अधिनियम और जबरन गायब व्यक्ति अधिनियम पर जांच आयोग में समय पर संशोधन के जरिए युद्ध काल के मामलों के मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने की याचिकाओं को रद्द करने की मांग

नेकपा (माओवादी केंद्र) के प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी भी उग्रवाद के दौर में हुई पांच हजार हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली और उनके खिलाफ जांच की मांग करने वाली याचिकाओं को रद्द किया जाना चाहिए। प्रचंड ने कहा कि तीन साल पहले 5,000 मौतों की नैतिक जिम्मेदारी लेने का उनका बयान कुछ तबकों की ओर से यह धारणा बनाने के प्रयासों का जवाब था कि तत्कालीन विद्रोहियों नेकपा-माओवादी को उग्रवाद युग में हुई सभी 17,000 मौतों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### नेकपा प्रमुख का स्पष्टीकरण- नैरेटिव बनाने का किया प्रयास

उन्होंने कोर्ट को दिए अपने स्पष्टीकरण में कहा, यह नैरेटिव बनाने का प्रयास किया गया है कि विद्रोही पक्ष को जन युद्ध के दौरान हुई सभी मौतों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, %मैंने उस नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए बयान दिया था। उन्होंने शीर्ष कोर्ट के कारण बताओ नोटिस के जवाब में अपने स्पष्टीकरण में कहा, राजनीतिक चर्चा, बहस और जवाबी बहस के दौरान दिए गए बयानों को न्यायिक समीक्षा के बाहर के मामलों के रूप में माना जाना चाहिए।

### उग्रवाद के दौरान दस साल में मारे गए 17 हजार लोग

माओवादी उग्रवाद के पीड़ित वकील ज्ञानेंद्र अरन और %कॉन्फ्लिक्ट विक्टिम्स कॉमन% के कार्यवाहक अध्यक्ष बुधाथोकी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक जांच की मांग करते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। 1996 और 2006 के बीच उग्रवाद के दौरान अनुमानित 17,000 लोग मारे गए थे।

# नशा मुक्ति केंद्र में कर्मचारियों का मरीजों को टॉर्चर करना पड़ा भारी,लामबंद हुए मरीज कर्मचारियों की कर दी पिटाई

## नशा मुक्ति केंद्र पटना के कर्मचारियों से प्रताड़ित थे मरीज,मरीज एकजुट होकर कर्मचारियों को पीटा और बाहर से नशा मुक्ति केंद्र में ताला लगा कर भाग गए...

- नशा मुक्ति केंद्र में न गाइडलाइन, न निगरानी,नतीजा नशा मुक्ति केंद्र में हुई मारपीट सभी नशेड़ी फरार
- दैनिक घटती-घटना ने पहले ही इस बात की अंदेशा जाहिर करते हुए खबर प्रकाशित किया था...आखिरकार वही हुआ
- टॉर्चर को लेकर हुई थी शिकायत कोरिया कलेक्टर तक जांच फाइलों में, नतीजा पहुंचा मारपीट तक
- कोरिया जिले के पटना में संचालित है केंद्र की आ रही थी शिकायत
- न गाइडलाइन,न निगरानी, नतीजा नशा मुक्ति केंद्र बने यातना केंद्रःसूत्र
- नशा मुक्ति केंद्र के नाम पर वसूले जा रहे पैसे और किया जा रहा है टॉर्चर
- पटना का नक्शा मुक्ति केंद्र इस समय टॉर्चर को लेकर सुर्खियों में, शिकायत कोरिया कलेक्टर से पर्व में भी हुई थी
- नवजीवन फाउंडेशन नशा मुक्ति केन्द्र पटना में अव्यवस्था और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत

- रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। कोरिया जिले के पटना नेशनल हाईवे के किनारे संचालित नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र चिरगुडा में अनियमितताओं की शिकायत पहले से ही आ रही थी, पर किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया, दैनिक घटती-घटना ने भी खबर प्रकाशित करके प्रशासन का ध्यान इधर आकर्षित कराने का प्रयास किया था पर इसके बावजूद प्रशासन ने से हल्के में लिया और नतीजा यह है की प्रताड़ना झेल रहे मरीज लामबंद होकर प्रताड़ित कर रहे कर्मचारियों को ही जमकर पीटा जिसमें कर्मचारियों को गंभीर चोट आई और कर्मचारियों को ही उन्हीं के सेवा मुक्ति केंद्र में बंद करके फरार हो गए जिसकी शिकायत कर्मचारियों ने पटना थाना में दर्ज कराई है।

नशा मुक्ति केंद्र, सुनने पर लगता है कि यहां पहुंचने पर नशे से मुक्ति मिल जाएगी। नशा करने वाले व्यक्ति के परेशान स्वजन भरोसा करके यहां पहुंचते हैं। रुपये भी खर्च करते हैं। मगर, एनजीओ के माध्यम से संचालित ये नशा मुक्ति केंद्र कमाई का जरिया बने हुए हैं। कई बार यहां मारपीट के मामले सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं था। नवजीवन फाउंडेशन नशा मुक्ति केन्द्र ग्राम पटना में एक वर्ष पहले खुला था यहां नशा से मुक्ति के लिए भर्ती कराए जाने वाले लोगों के स्वजन से 10 हजार रुपये प्रतिमाह लिए जाते थे दावा नशे से सौ फीसद मुक्ति दिलाने का किया जाता था, लेकिन हकीकत इससे इतर थी। यहां भर्ती कराए जाने वाले लोगों को सुधारने के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जाता था। शौचालय साफ कराने से लेकर उनसे मारपीट तक की जाती थी। मामला कलेक्टर कोरिया तक पहुंच गया था। एनजीओ बनाकर किराए की बिल्डिंग में यह धंधा चल रहा है। इनमें पांच से दस हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इसके बाद भी यहां जिम्मेदार विभाग के अधिकारी निरीक्षण तो किया पर कर्यवाही नहीं हुई इसका नतीजा यह है की एक


दैनिक घटती घटना News Web Portal www.ghatatighatana.com हमर छत्तीसगढ़ रविवार 26 फरवरी 2023 4

क्या कमाई का जरिया बना नशा मुक्ति केंद्र ?








और घटना हो गई। समाजसेवा के बहाने खोले गए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र वास्तव में यातना केंद्र में तब्दील हो गए हैं। कारण यह है कि इन केंद्रों के संचालन के लिए समाज कल्याण विभाग की न तो कोई गाइडलाइन है और न ही इनकी निगरानी की कोई व्यवस्था। लिहाजा नौसिखिए संचालक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों से अनैतिक व्यवहार कर रहे हैं। मारपीट तो आम बात है, इन मरीजों पर थर्ड डिग्री तक इस्तेमाल किए जाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। जिसका ही परिणाम है कि कोरिया जिले के चिरगुड़ा ग्राम में बिना पंचायत की अनुमति से खोले गए नशा केंद्र से संस्था के कर्मचारियों के गलत व्यवहार व मारपीट से गुरुवार की रात्रि में 11 बजे ईलाज के लिए भर्ती सभी नशेड़ी फरार हो गए। जहा कर्मचारियों के द्वारा नशे में किसी बात को लेकर भर्ती पीड़ित से विवाद होने के कारण पहले बहस व बाद में मारपीट व तोड़फोड़ की भी बात सामने आ रही हैं वही पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा सुबह तक थाने में घटना की सूचना न देने के कारण अब संस्था के कार्यकलाप व शिकायत को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।

दर असल नशा मुक्ति केंद्र, सुनने पर लगता है कि यहां पहुंचने पर नशे से मुक्ति मिल जाएगी। नशा करने वाले व्यक्ति के परेशान स्वजन भरोसा करके यहां पहुंचते हैं। रुपये भी खर्च करते हैं। मगर, एनजीओ के माध्यम से संचालित ये नशा मुक्ति केंद्र कमाई का जरिया बने हुए हैं। कई बार यहां मारपीट के मामले सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। नवजीवन फाऊन्डस नशा मुक्ति केन्द्र पटना में एक वर्ष पहले खुला था। यहां नशा से मुक्ति को भर्ती कराए जाने वाले लोगों के स्वजन से सुरुवात में 20 से 30 हजार रुपये यहाँ तक लाने व बाद में 10 हजार रुपये प्रतिमाह लिए जाते थे। दावा नशे से सौ फीसद मुक्ति दिलाने का किया जाता था, लेकिन हकीकत इससे विपरीत थी। यहां भर्ती कराए जाने वाले लोगों को सुधारने के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जाता था। शौचालय साफ कराने से लेकर उनसे मारपीट तक की जाती थी। मामला फरवरी में कलेक्टर कोरिया तक पहुंच गया। एनजीओ बनाकर किराए की बिल्डिग में यह धंधा चल रहा है। इनमें पांच से दस हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इसके बाद भी यहां जिम्मेदार विभाग के अधिकारी निरीक्षण नहीं करते शिकायत पर जिम्मेदार जाच किये किंतु क्या जाच हुई यह आज भी बंद लाल फाइलों ने कैद है। यदि जांच कर समय पर सही रिपोर्ट मिल जाता तो सायद आज यहाँ भर्ती लगभग 25 नशेड़ी फरार नही होते जहा अब इन नशेड़ियों के घर नही पहुचने व किसी प्रकार की घटना घटित होने पर अब जिम्मेदार कौन होगा जिसे लेकर अब जिले में यह सुर्खियों का विषय बना हुआ है वही संचालन कर्ता कोई भी जवाब देने को तैयार नही।

### क्या नशेड़ी कर्मचारियों को ही दिया गया था नशा छोड़वाने का जिम्मा?-

नशा मुक्ति केंद्र पटना में कई अनियमितताएं कि शिकायत है यहां पर ना तो कोई डॉक्टर है और ना ही कोई काउंसलिंग के लिए आता है जो नशा मुक्ति केंद्र में आए मरीजों को बता सके और काउंसलिंग के जरीए उन्हें नशा के दलदल से बाहर निकाल सके, सूत्रों की माने तो नशेड़ी किस्म के कर्मचारियों को ही यह जिम्मा दे दिया गया है कि नशा छुड़वाने आने वाले मरीज को वह मारपीट कर उसका नशा छुड़ाएं, जिस वजह से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है और यही वजह है कि एक बड़ा विवाद उत्पन्न हो गया है प्रताड़ित हो रहे मरीज ही कर्मचारियों को जमकर पीटा है मरीजों का आरोप है कि कर्मचारी ही नशा मुक्ति केंद्र में नशा करते हैं और हमें नशा छोड़ने का पाठ पढ़ाते हैं विरोध करने पर समय पीटा जाता है जबकि हम एग्रीमेंट के तहत जो शर्त है उसका पालन किए करते हैं।

### क्या होता है नशा मुक्ति केंद्रों में

तीन से छह माह तक के लिए लोगों को यहां रोका जाता है। प्रतिमाह दस हजार रुपये खर्च के लिए लिए जाते हैं। नशे के आदी लोग जब नशा नहीं करते हैं तो उन्हें घबराहट, बेचैनी व अन्य समस्या होती हैं। ऐसे में यहां के संचालक खुद ही डाक्टर बनकर दवा देते हैं। सुधार के नाम पर लोगों का उत्पीड़न किया जाता है। मारपीट तक की जाती है। यह नही होना चाहिए, समाज सेवा के रूप में इन केंद्रों को खोला जाता है। ऐसे में दस हजार रुपये वसूल करना उचित नहीं। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती रहने वाले लोगों को सलाह या दवा देने को डाक्टर होना चाहिए जो की इस केंद्र में नही है । नशे के आदी लोगों को व्यायाम और अन्य एक्टिविटी में व्यस्त रखा जाना चाहिए। इसके लिए विशेषज्ञ होने चाहिए जो नही है । जिम्मेदार विभागों को समय-समय पर इनका निरीक्षण करना चाहिए।ताकि इनकी मनमानी न हो किन्तु जब नशा करने वाले ही इस तरह के केंद्रों का संचालन करेंगे तो इन केंद्रों में सुधार व्यवस्था को लेकर सवाल उठना लाजमी है।



## एमसीबी कलेक्टर पी एस ध्रुव ने किया भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के कैलेंडर विमोचन

**भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष,मुख्य महासचिव, एमसीबी एवं कोरिया जिला अध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार साथी रहे उपस्थित**

- संवाददाता -

एमसीबी 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के द्वारा नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर और कोरिया जिला पत्रकार साथियों को लेकर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर कैलेंडर का विमोचन किया इस कैलेण्डर की खास बात यह है कि इस कैलेंडर में संस्थान से जुड़े जिले भर के पत्रकारों का नाम एवं संस्थान का नाम के साथ दर्ज किया गया है। इस कैलेण्डर में कोरिया एवं एम सी बी जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के दृश्य इस कैलेण्डर को सुसज्जीत करता है। जिला एम सी बी कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर पी एस ध्रुव और भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महेश प्रसाद मुख्य महासचिव सत्येंद्र सोनी, अविनाश चंद्र एवं एमसीबी जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा और कोरिया जिला अध्यक्ष सावन कुमार के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार साथी उपस्थित रहे। पत्रकारों ने हिंदू नव वर्ष के पर्व के उपलक्ष में पावन अप्रैल माह में कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेण्डर विमोचन पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी भ्रमण कर अपना परिचय पत्र वाला कैलेंडर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भेंट स्वरूप देते हुए दीवार पर टंगवाया गया, इसी तारतम्य में जिले भर के लगभग सभी शासकीय कार्यालयों में कैलेण्डर का वितरण किया गया जिसमें सभी अधिकारियो द्वारा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ को शुभकामनाए दी गई।




# बार-बार बिजली गुल होने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

- ओमकार पांडेय -

सूरजपुर,14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। जिला मुख्यालय में बार-बार बिजली गुल की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। इन दिनों दिन में कई बार लाईट गुल हो जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ रहा हैं, और बार-बार लाईट गुल होने से गर्मी से दिक्कतें बढ़ा दी है। गर्मी और उमस से लोग पहले से परेशान है, और इधर रात के वक्त लाइट गुल होने से मच्छरों का प्रकोप बढ जाता है। वही ग्रामीण इलाकों के हालत बहुत बुरा हाल है। जहां अगर बिजली एक बार गुल हो गई तो बिजली लाइन ठीक करने सप्ताह भर से ज्यादा वक्त लग जाता है। तब कहीं जाकर गांव में बिजली पहुंचती है। वहीं सूरजपुर नगर पालिका क्षेत्र की कई वार्डों में बिजली की लो वोल्टेज की शिकायते आ रही हैं, सबसे अधिक परेशानी रात के वक्त हो रहा है, क्योंकि रात में लो वोल्टेज की समस्या होने से मुश्किलें बढ़ा दी है। दूसरी और देखने को मिल रहा है कि नगर के कुछ क्षेत्रों में लाइट रहता है। और कुछ क्षेत्र में लाइट नहीं रहता है, इसको लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्यक्त करते हैं। विद्युत विभाग के द्वारा संचालित शिकायत नंबर भी कॉल करने पर भी फोन नही लगता है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ जाती है।



### ग्रामीण क्षेत्रों की भी हालत खराब

वही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइन पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। गांव तक बिजली पहुंच रही हैं लेकिन जब यहां सर्विस की बात आती है, तो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों का बुराहाल है। अगर इन क्षेत्रों में अगर लाईट गुल हो जाती है. सुधार करने में कई दिनों भी समय लग जाता है। कई जगह पर इसे भी अधिक समय लग जाता है। जबकि जिले के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंचने से यहां पर खपत बढ़ गई है। जहां कुलर, पंखा, फिर्जी, टेलीविजन, मोबाईल आदि का ग्रामीण इलाके में चलन बढ़ गया है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अव्यवस्था को लेकर लोगों समय-समय पर शिकायते कर परेशानियों से अवगत करते रहते है। लेकिन इनकी समस्याओं को नजर अंदाज कर दिया जाता है। हालात जस के तस रहते है। बिजली गुल होने के हालत के कारण ग्रामीण विद्युत उपकरण का पूरी तरह से लाभ फायदा नहीं उठा पाते है।

### बार-बार बिजली गुल से होती है दिक्कत

उपभोक्ताओं ने बताया कि बार- घंटे भर फुर्सत हो जाता है। बार बिजली गुल हो रहा है। कूलर, पंखा बंद हो जाता है जिसकी वजह से इन दिनों पढ़ने जिसकी वजह से गर्मी की मार वाली तेज गर्मी से लोग को काफी झेलनी पड़ रहा है। वही अगर रात परेशान हो रही हैं। उन्होंने बताया में लाइट बंद होता है, तो समस्या कि एक बार लाइट गुल हो गई तो और बढ़ जाती है।

### गंभीरता से नहीं लेते अधिकारी

जैसी ही सरकार बदली, पहले की तरह समस्या पैदा होने लगी। अधिकारी बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते नहीं है। कोई सवाल करता है, तो जवाब देने वाले नहीं है। सीधे मुंह बिजली विभाग के अधिकारी बात तक नहीं करत हैं। ऐसे में आम हो या खास सभी को परेशानी बढ़नी है। कम से कम बिन किसी आंधी-तूफान, पानी के बिजल घंटो क्यों बंद रहती है। अगर बंद कर कोई सुधार कार्य किया जाता है अचानक कोई समस्या आ भी गई, तो बकायदा इसकी जानकारी शहरवासियों को किसी न किसी माध्यम से दिया जा सकता है। लेकिन इतन सब करने की जहमत बिजली विभाग नहीं उठाता।

### रख-रखाव के नाम पर लाखों खर्च फिर भी व्यवस्था तार तार

अनाप-शनाप बिजली बिल के बाद अब विद्युत कटौती व आंख मिचौली से लोग बेहद हलाकान है।बिजली विभाग की अव्यवस्था यहाँ न केवल अधिकारियों पर भारी पड़ रही है बल्कि सरकार की भी भारी किरकिरी हो रही है।जिला प्रशासन इस अव्यवस्था पर खमोशी से सरकार की भदद पिटवाने में लगा है। सर प्लस बिजली व बिजली बिल हाफ का वायदा का दावा तार तार हो रहा है।जिला मुख्यालय में बिजली का आलम यह है कि सुबह सात बजते ही आंख मिचौली शुरू हो जाती है जो करीब करीब दो से चार घण्टे लगातार जारी रहती है।इसके बाद जो कटौती शुरू होती है तो फिर वह चार से पांच घण्टे तक बिजली का पता नही रहता।यह रोज की स्थिति है।अधिकारी सुधार की दिशा में क्या पहल करते है ये तो वही जाने पर उपभोक्ता इससे रोज दो चार हो रहा है।रख-रखाव के नाम पर लाखों खर्च के बाद भी शहर में लुंज-पुंज तार व जगह जगह शार्ट सर्किट रख-रखाव में भ्रष्टाचार व अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है।



## चोरी के मोबाईल सहित एक आरोपी को चौकी करंजी पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -

सूरजपुर,14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। ग्राम राई निवासी आयुष जायसवाल ने चौकी करंजी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30.03.2023 के दरम्यानी रात ग्राम दतिमा चौक स्थित आयुष मोबाईल दुकान के सीमेंट सीट को तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश कर दुकान में रखे 2 नग मोबाईल, नगदी 13000 रूपये कुल 27100 रूपये को कोई अज्ञात चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी करंजी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में चौकी करंजी पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना की गई इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही राकेश उर्फ पिनट सिंह पिता स्व. प्रेमसाय उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सकलपुर, थाना भटगांव को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अपने 1 अन्य साथी के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर 1 नग मोबाईल कीमत 7600 रूपये व नगदी रकम 300 रूपये बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी, एएसआई गुड्डू कुशवाहा, प्रधान आरक्षक सुनील भारती, आरक्षक राजीव तिवारी, चन्द्र प्रकाश पाल व जितेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।

# भाजपा द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा, 14 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला भाजपा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा सामाजिक समरसता भोज, संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 25 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन पर संगोष्ठी के पश्चात कोरोना काल में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले मितानिन बहनों, स्वच्छता मित्रों एवं अन्य समाजसेवियों का उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित आम जनों के साथ सामाजिक समरसता भोज ग्रहण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री लखन लाल साहू ने अपने चिर परिचित अंदाज संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य एवं निचले तबके वर्ग का जीवन का उत्थान हो सके उसके लिए संविधान का निर्माण किया, पर आज हम देखेंगे तो बड़ा ही दुख होता है कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जितनी भी धरोहर स्थल थे उनको दरकिनार कर दिया लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश में विराजमान हुई है तब से लेकर अब तक बाबा साहब के धरोहरो को एक नई पहचान दिलाई जा रही है। केंद्र कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन के उत्थान को लेकर लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन सुधारने में लगी हुई हैं। प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा कहीं ना कहीं, किसी ना किसी रूप से अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को छला है।पूर्व में हमारे प्रदेश में डॉक्टर रमन सिंह के सरकार के समय प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन बड़ी द्रुत गति से जारी था पर अब इसकी गति प्रदेश में थम सी गई है।एक और हम देखेंगे प्रदेश में विशेष समुदाय प्राथमिकता दी जा रही है तो दूसरी ओर बहुसंख्यक समुदाय को प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रदेश की जनता यह सब देख रही है, समझ रही है, आने वाले चुनाव में उन्हें बिल्कुल मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। बाबा गुरु घासीदास जो सतनाम पंथ को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे उनका एक नारा था ÷मनखे मनखे ङ्क एक समान÷ अर्थात हर वर्ग हर जाति का आदमी एक समान। बाबा साहब अंबेडकर जिनकी आज 132 वी जयंती है उनके चरणों को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं, जिनके बदौलत आज देश का नाम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन के उत्थान को लेकर संविधान में नियम बनाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिलासपुर के सांसद लखनलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अशोक चावलानी, महामंत्री संतोष देवांगन व टिकेश्वर राठिया, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, भाजपा मंत्री नरेश टंडन, संदीप सहगल, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा, आईटी सेल संयोजक नवदीप नंदा, सोशल मीडिया संयोजक अजय चंद्रा, रितु चौरसिया, अजय विश्वकर्मा, परविंदर सिंह, सुशील गर्ग, लोकेश्वर चौहान, बबलू डहरिया, राजेश लहरें, सुनील भटपहरे, पुष्पा चौहान, रमा मिरी, सुनीता पाटले, सहित भारतीय जनता पार्टी एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## डॉ भीम राव अम्बेडकर के 132 वीं जयंती पर हुए कलेक्टर ने दी पुष्पांजलि

- संवाददाता -
कोरबा, 14 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस दौरान उन्होंने डॉ अम्बेडकर को देश का संविधान निर्माता बताते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे अच्छा और सबको समान न्याय देने वाला संविधान है। उन्होंने शिक्षा को अपना आधार बनाते हुए देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। एक समाजसुधारक के रूप में उन्होंने आजीवन कार्य किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत रत्न डॉ अम्बेडकर के कार्यों की वजह से ही आज दुनिया में उनकी पहचान है। कलेक्टर श्री झा ने अम्बेडकर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हमें भी अपने समाज और देश के विकास के लिए जाति-पाति से हटकर कार्य करना चाहिए। डॉ अम्बेडकर ने बचपन से ही संघर्षों में रहकर खूब पढ़ाई की और अपनी पहचान बनाई वैसे ही हमें भी उनसे सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर पी के वासनिक कार्यपालन अभियंता हसदेव बैराज, अनिल बच्चन कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, के एस कंवर अधीक्षक, चितरंजन कुमार, अशोक कैवर्त, मधुकर नायडू, लोकनारायण जायसवाल, सागर बर्मन, अनूपा टोप्पो, ज्योति कंवर, राज कुमार कंवर, जय बच्चन आयाम, गोरे लाल पैंकरा, रिजवान, प्रकाश कंवर, वीरेंद्र कंवर, चंद्र शेखर कंवर, रिचा झारिया, ऋषि प्रकाश देवांगन, डोल कुमारी पटेल, हरीश जायसवाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएचसी लुण्ड्रा व यूपीएचसी नवापारा को मिला प्रथम पुरस्कार

- » राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के हाथों पुरस्कृत
- » डीपीएम व यूपीएम भी हुए पुरस्कृत
- » कलेक्टर कुन्दन कुमार ने दी बधाई

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 14 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।



जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुण्ड्रा व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को बेहतर काम के लिए क्रमशः कायाकल्प योजना व आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव द्वारा 13 अप्रैल को राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र व शील्ड से सम्मानित करते हुए पीएचसी लुण्ड्रा को पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही डॉ पुष्पेंद्र राम को श्रेष्ठ डीपीएम व डॉ अमीन फिरदौशी को श्रेष्ठ शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के रूप के पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुण्ड्रा को शासकीय अस्पतालों में सफाई प्रबन्धन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोग सेवा में सुधार, स्वच्छ भारत मिशन का क्रियान्वयन, स्वच्छ अस्पताल योजना में किए गए कार्यों के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को आयुष्मान भारत योजना के बेहतर क्रियान्वयन में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कायाकल्प योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परसोड़ी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। दोनों अस्पतालों को प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार सहित जिले के जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।



## आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी ट्रक,मौके पर चालक की मौत

- संवाददाता -
कोरबा, 14 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के चोटिया-कटघोरा सड़क मार्ग में चोटिया (लमना) के पास तेज रफ्तार ट्रेलर क्र. सीजी 12 बीजी 8434 के युवा चालक गौरीशंकर की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है। इस संबंध में घटनास्थल पर मौजूद ट्रेलर चालकों ने बताया कि मृतक चालक गौरीशंकर 13 अप्रैल को बालको के चोटिया -2 खुली खदान से कोयला लेकर रवाना हुआ था। लगभग 4 से 5 बजे के बीच लमना के जटगा मोड़ के पास पहुंचा था की उसी दौरान सामने एक पट्टा ट्रेलर गति अवरोध को पार कर रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने आगे चल रहे कोयला लोड ट्रेलर को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे सामने के वाहन में लोड लोहे के लम्बे एंगल कोयला ले जा रहे ट्रक के चालक केबिन में जा घुसढ्ढ जिससे चालक एंगल में बुरी तरह फंस गया और उसकी मौत हो गई।

## खाद्य मंत्री ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का लिया जायजा








- » हवाई रूट की ली जानकारी, फिनिशिंग कार्य में तेजी लाकर जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 14 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को दरिमा स्थित माँ महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया। तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण करते हुए उन्होंने फिनिशिंग कार्य मे तेजी लाकर जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। फिनिशिंग कार्य पूर्ण होने पर सभी आवश्यक मापदंडों का निरीक्षण कर लैंडिंग व टेक-ऑफ ट्रायल की तैयारी की जाएगी। खाद्य मंत्री ने निर्माणाधीन एयरपोर्ट का जायजा लेते हुए फिनिशिंग कार्य का अवलोकन किया और माह अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में तय मापदंड एवं गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखे ताकि जांच में कोई कमी न रहे। इस दौरान कलेक्टर कुंदन कुमार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि रन-वे का कार्य पूर्ण है। फाइनल मार्किंग का काम चल रहा है। उसके बाद आवश्यक मापदंड को पूर्ण करते हुए कुछ दिन बाद रन-वे में लैंडिंग व टेक-ऑफ का भी ट्रायल संभावित है।

खाद्य मंत्री श्री भगत ने इस दौरान अधिकारियों से हवाई रूट की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। राज्य अंतर्गत उत्तर से दक्षिण तक कनेक्टिविटी के साथ ही अन्य राज्य के महत्वपूर्ण शहरों तक कनेक्टिविटी का प्रस्ताव करें जिससे लोगों को सुविधा में विस्तार हो और ज्यादा क्षेत्रों तक त्वरित पहुंच आसान हो सके। इस अवसर पर मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन- खाद्य मंत्री ने अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम महेशपुर में लोक निर्माण विभाग के तहत महेशपुर कालीपुर चिरगा मार्ग का भूमिपूजन किया। इस सड़क की लंबाई करीब 7.80 किलोमीटर है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन आम जन को बेहतर सुविधाएं देने प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज इस क्षेत्र के ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए सड़क के उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। महेशपुर-कालीपुर-चिरगा मार्ग का 763.82 लाख रुपये की लागत से सड़क उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य किया जाना है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

- » वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान की स्मृति में 27 अप्रैल को तिलक भवन में...

- संवाददाता -
कोरबा, 14 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।




कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य रहे वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान की स्मृति में उनके द्वितीय पुण्यतिथि पर कोरबा प्रेस क्लब द्वारा प्रेस क्लब के तिलक भवन में 27 अप्रैल 2023 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक क्षेत्र में सहभागिता निभाने के लिए किया जा रहा है। जिसमें प्रेस क्लब के साथ ही समाज सेवी संस्थान, व्यापारिक संस्था व विभिन्न औद्योगिक संस्थान भी सहभागिता निभाएगी। रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को जरूरतमंदों की मदद के लिए कोरबा प्रेस क्लब द्वारा ब्लड बैंक को डोनेट किया जाएगा जिससे लोगों को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर लाभ मिल सके साथ ही प्रेस क्लब के सदस्यों व उनके परिवार को जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक द्वारा रियायत दर के साथ उन्हें ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क0/अ-21/2022-23 ग्राम - पुटा,प0ह0नं0 18

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विफैया आ0 गेदा जाति मझवारी निवासी ग्राम पुटा तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि आवेदिका स्वयं के नाम पर ग्राम पुटा प0ह0न0 18 तहसील उदयपुर कुल ख0न0 09 कुल रकबा 0.385 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 236/7 रकबा क्रमशः 0.090 हे0 अनावेदक चन्द्रदेव सिंह ठाकुर आ0 रामदेव सिंह ठाकुर, जाति कंवर निवासी ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा छ0ग0 को रूपये 1,80,000.00 ( एक लाख अस्सी हजार रूपये) मात्र में विक्रय किये जाने का सौदा किया गया है, जिसमें से रूपये 40,000.00 (चालीस हजार रूपये) नगद अग्रिम प्राप्त कर ली है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को अपने पति जोईत राम के इलाज कराने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण विक्रय किया जाना बतायी है। आवेदिका द्वारा विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, सेटलमेंट की प्रतिलिपि सहित अनुविभागीय अधिकारी(रा0), उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति,/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 28/04/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 13/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी

सील | तहसीलदार
उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

लखनपुर,दिनांक 11/04/2023

**ईश्तहार**

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम लखनपुर, तहसील लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेक पुरूषोत्तम आ0 भरधरी निवासी ग्राम लखनपुर तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व0 भरधरी की मृत्यु दिनांक 09/01/1993 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम) 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जम्र मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 11/05/23 को सुनवाई की जानी है।
आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्य से पेशी तिथी 11/05/2023 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने पर दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

सील | तहसीलदार
लखनपुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202303020700269**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
नमनाकला प.ह.न. 00020 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-नवलसाय ,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक नवलसाय आ0 सुमेरी राम निवासी रैसरा जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 143/27,144/2 रकबा 0.020, 0.022 है0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतत द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-मानपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीआदर्श कुमार तिवारी आ. चन्द्र प्रकाश तिवारी, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-सूरजपुर,तह.सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-मानपुर, प.ह. नं.-12, रा.नि.मं,-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र 709 / 2 रकबा 0.105 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त सम्बन्ध में ग्राम- मानपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20.04.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा,आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 12.04.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202304020700016**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
सुभाषनगर प.ह.न. 00017 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दीना मण्डल ,
अनावेदक पक्षकार- लक्ष्मी मंडल,

**ईश्तहार**

आवेदक दीना मण्डल आ0 स्व0 देवेन मण्डल व अन्य, निवासी सुभाषनगर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग/ के द्वारा ग्राम सुभाषनगर, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 14/1 रकबा 1.550 हे0 के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी लक्ष्मी मण्डल का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.04.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2023 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

# इस वजह से एशिया कप को पाकिस्तान से शिफ्ट किए जाने की संभावना

**हैदराबाद, 14अप्रैल 2023।** कुछ दिनों पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा था कि अगर देश एशिया कप से पीछे हटता है तो पीसीबी को राजस्व में करीब 30 लाख डॉलर का नुकसान हो सकता है। उन्होंने एशिया कप का बहिष्कार करने की धमकी दी अगर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) आयोजन स्थल को किसी अन्य काउंटी में स्थानांतरित कर देती है।15 साल बाद फिर से टूर्नामेंट की मेजबानी करना पाकिस्तान का सपना रहा है क्योंकि उसने आखिरी बार 2008 में टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। श्रीलंकाई टीम पर 2009 के हमलों के बाद, क्रिकेट टीमें सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से हिचक रही हैं।

यह सब 2022 में शुरू हुआ जब एसीसी ने पाकिस्तान को 2023 एशिया कप के मेजबान के रूप में घोषित किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह सुरक्षा और सुरक्षा के मुद्दों का हवाला देते हुए एसीसी से टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर आयोजित करने का अनुरोध करेंगे। इस मुद्दे को हल करने के लिए, नजम सेठी ने एक हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा, जहां भारत एक अपतटीय स्थल पर अपने मैच खेलेगा और शेष मैच पाकिस्तान में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को यह स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान एशिया कप तभी खेलेगा जब पूर्व




टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करेगा। फरवरी 2023 में आयोजित एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) बोर्ड की बैठक के दौरान, पीसीबी ने घोषणा की कि अगर टीम इंडिया एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आती है तो वह 2023 विश्व कप खेलने के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। दूसरी ओर बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को खेलने या न खेलने का फैसला भारत सरकार के पास है न कि उनके पास। बीसीसीआई ने भी पुष्टि की कि उन्हें किसी भी देश में टूर्नामेंट खेलने के लिए सरकार से मंजूरी की आवश्यकता है।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कड़े रुख ने कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों को निराश कर दिया था। वकार योनीस, शाहिद अफरीदी और जावेद मियांदाद जैसे क्रिकेटरों ने एशिया कप पर अपने रुख पर बीसीसीआई की खुले तौर पर आलोचना की है। पूर्व पाकिस्तानी मध्यक्रम के बल्लेबाज जावेद मियांद ने कई बार बीसीसीआई को आड़े हाथों लिया। फरवरी में, उन्होंने यह कहते हुए भारत पर कटाक्ष किया कि अगर भारत पाकिस्तान नहीं आना चाहता है तो वह भाड़ में जा सकता है। पाकिस्तानी पोडकास्टर नादिर अली द्वारा आयोजित पोडकास्ट में, मियांदाद ने एशिया कप पंक्ति के बारे में बोलते हुए कहा, ÷सुरक्षा को भूल जाइए, हम मानते हैं कि अगर मौत आनी है तो आनी है। जिंदगी और मौत तो अल्लाह के हाथ में है।÷

जबकि भारत ने आखिरी बार 2008 में एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था, पाकिस्तान की टीम ने आखिरी बार 2016 में आईसीसी टी20 विश्व कप खेलने के लिए भारत का दौरा किया था।

अगर पाकिस्तान एशिया कप से हटता है तो दोनों देशों के प्रशंसकों के लिए यह बड़ी निराशा होगी। एशिया कप 2023 विश्व कप की शुरुआत से एक महीने पहले सितंबर में आयोजित होने वाला है, जो अक्टूबर 2023 से भारत में होने वाला है।



## भारत ने सुहल जूनियर निशानेबाजी विश्व कप के लिए 39 सदस्यीय टीम चुनी

**नयी दिल्ली, 14अप्रैल 2023।** भारत ने जर्मनी के सुहल में एक से छह जून तक होने वाली आईएसएसएफ विश्व कप जूनियर राइफल/पिस्टल/शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को 39 सदस्यीय टीम घोषित की। जूनियर विश्व कप के बाद कोरिया में चांगवोन में जुलाई में जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित टीम में कई ऐसे निशानेबाज हैं जो पिछले कुछ समय से जूनियर स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें पिस्टल वर्ग में सिमरनजीत कौर बरार, राजकंवर सिंह संधू और समीर तथा राइफल वर्ग में अभिनव साव और धनुष श्रीकांत के अलावा शॉटगन वर्ग में शारदुल विहान और प्रीति राजक शामिल हैं। गौतमी भनोट और स्वाति चौधरी (राइफल), अभिनव चौधरी और शुभम बिस्ला (पिस्टल) तथा सबीरा हैरिस और हरमेर सिंह लाली (शॉटगन) जैसे उभरते हुए निशानेबाजों को भी टीम में जगह मिली है। मिश्रित टीम एयर राइफल, एयर पिस्टल और ट्रैप स्पर्धाओं के लिए दो मिश्रित टीम जोड़ियों की घोषणा भी की गई।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सेविला से 2-2 से ड्रॉ खेला



**मैनचेस्टर, 14अप्रैल 2023।** मार्सेल सेबिजर के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम आगे बढ़ा रहा था लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण उसे सेविला से क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सेबिजर ने 14वें और 21वें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन टाइरेल मलासिया ने 84वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। इसके बाद हैरी मैग्वायर ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में बराबरी का गोल दागा।

क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्पेन में खेला जाएगा। इस बीच मैट्स वीफर के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से फेयेनोर्ड ने यूरोपा लीग के पहले चरण के क्वार्टर फाइनल मैच में रोमा को 1-0 से हराया। युवेंटस ने क्वार्टर फाइनल चरण के पहले मैच में डिफेंडर फेडेरिको गट्टी के 73वें मिनट में किए गए गोल से स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से पराजित किया।

# दुनिया की सबसे महंगी टी 20 लीग सेट-अप करेगा सऊदी अरब

» **भारतीय क्रिकेटर्स भी होंगे शामिल!**

**नयी दिल्ली, 14अप्रैल 2023।** दुनियाभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। आईपीएल की सफलता के बाद पिछले कुछ सालों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों में फ्रेंचाइजी लीग शुरू हुई हैं और सफल भी रही हैं। इसी साल यूएई और दक्षिण अफ्रीका में भी टी20 फ्रेंचाइजी लीग शुरू हुई। इन लीग्स को अच्छा रिस्पान्स भी मिल रहा है। इस बीच सऊदी अरब की सरकार भी अपने यहां दुनिया की सबसे महंगी टी20 लीग सेट-अप करना चाहती है। इसके लिए उसने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बातचीत भी की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब सरकार के प्रतिनिधियों ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को खाड़ी इलाके में एक टी20 फ्रेंचाइजी लीग सेट-अप करने से जुड़ी योजनाएं प्रस्तावित की हैं। सऊदी अरब की सरकार इस लीग को दुनिया की सबसे महंगी लीग बनाना चाहती है। इसी सम्बंध में आईपीएल मालिकों से उसकी बातचीत जारी है। पिछले एक साल से सऊदी सरकार इस योजना पर काम कर रही है।



इस महंगी लीग की सफलता के लिए सऊदी सरकार भारतीय क्रिकेटर्स को भी इसमें शामिल करना चाहती है। उसके लिए वह आईपीएल से इस संबंध में बातचीत कर सकती है। गौरतलब है कि आईपीएल के नियमों के मुताबिक, कोई भी भारतीय क्रिकेटर आईपीएल के अलावा विदेशों में चल रही अन्य क्रिकेट लीग का हिस्सा नहीं हो सकते हैं। अगर किसी भारतीय खिलाड़ी को इन लीग का हिस्सा होना है तो उसे आईपीएल से अपने सारे संबंध खत्म करने होंगे। यानी फिर वह खिलाड़ी टीम इंडिया से लेकर आईपीएल व अन्य घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकता है। यहां सऊदी सरकार आईपीएल को अपने संविधान में संशोधन करने के लिए मना सकता है।

## विश्व ट्रायथलॉन में वापसी करेंगे रूसी, बेलारूसी एथलीट

**मैड्रिड, 14अप्रैल 2023।** विश्व ट्रायथलॉन ने रूसी और बेलारूसी एथलीटों पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दिशानिर्देश का समर्थन करते हुए कहा है कि दोनों देशों के खिलाड़ी तटस्थ रूप से उसके आयोजनों में हिस्सा ले सकेंगे। विश्व शासी निकाय ने कहा कि वह दोनों देशों के एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में लाने के लिये समीक्षा प्रक्रिया पर काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आईओसी ने पिछले हफ्ते रूस और बेलारूस के एथलीटों को तटस्थ ध्वज के नीचे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लौटाने की सिफारिश जारी की थी। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद आईओसी एवं अन्य खेल निकायों ने दोनों देशों के एथलीटों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था।

विश्व ट्रायथलॉन ने एक बयान में कहा, आईओसी की सिफारिश और ओलंपिक चार्टर के सिद्धांतों के बाद मार्च 2022 की शुरुआत में विश्व ट्रायथलॉन आयोजनों में भाग लेने वाले सभी एथलीटों की सुरक्षा की गारंटी के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे।बयान में कहा गया, आज का निर्णय रूसी और बेलारूसी पासपोर्ट रखने वाले तटस्थ खिलाड़ियों के साथ-साथ दोनों देशों के अधिकारियों को खेलों में प्रवेश करवाने की खातिर लिया गया था। टेबल टेनिस, तैराकी, तलवारबाजी, जूडो और तायचांडो के विश्व निकाय पहले ही रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को तटस्थ ध्वज के नीचे अपने आयोजनों में शामिल करने के लिये राज़ी हो गये हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ ने प्रतिबंध को बरकरार रखा है।

## मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी की फिल्म बैड बॉय का ट्रेलर जारी

जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी मौजूदा वक्त में बैड बॉय को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक इस फिल्म के लिए उत्साहित हो गए हैं। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके परिवार में सख्त पारंपरिक मूल्य हैं।




ट्रेलर की शुरूआत ही एक जबरदस्त सॉन्ग के साथ होती है। इसके बाद प्यार में पड़े दो लव बर्ड्स के साथ रहने के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मेरा किरदार रघु, जो एक बेपरवाह बिंदास का किस्म का लड़का है। जिससे मैं पर्सनली बेहद कनेक्टेड फील करता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में खूब मेहनत की है।

अमरीन ने कहा, न्यूकमर के रूप में, बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी सोचा नहीं था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं हमारी फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी का बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म पर उसी तरह अपार प्यार और सराहना बरसाएंगे जैसे उन्होंने हमारे सभी गानों पर की है।

बैड बॉय की कहानी आपको अंत तक अपनी सीट से बांधे रखेगी, फिल्म आपको गुदगुदाने के साथ-साथ आपके दिल को भी छू लेगी।

फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इसमें वह अभिनेत्री अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और दिलचस्प लग रहा है। हालांकि, यह कहानी आपको भावुक भी करेगी। नमाशी की अदाकारी ने हर शख्स का दिल जीत लिया है।

## सिल्वर कट आउटफिट में दिशा पाटनी ने दिखाया हुस्न का जलवा




बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी अदाओं से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस को इंप्रेस करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। कट आउट शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी गजब की बला लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का टेम्परेचर हाई कर रखा है, उनकी तस्वीरें फैंस को बेताब कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही फिल्मों में कम धमाल कर रही हों लेकिन, सोशल मीडिया पर वो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बिकिनी लुक्स अक्सर शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें पल भर में सोशल मीडिया की सुर्खियां बन जाती हैं। दिशा का बोल्ड स्टाईल चाहे वो साड़ी में हो या फिर बिकनी में सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1993 को देहरादून में हुआ था। साथ ही दिशा पाटनी ने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू साल 2015 में आई फिल्म लोफर से किया था। बॉलीवुड में दिशा को पहचान फिल्म एमएस धोनीः अनटोल्ड स्टोरी से मिली। इसके बाद दिशा टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 2 में और सलमान खान के साथ मूवी भारत में नजर आई हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं।

## डीनो डेनिस की एक्शन एंटरटेनर बाजूका में नजर आएंगे ममूटी

सुपरस्टार ममूटी निर्देशक डीनो डेनिस की मलयालम एक्शन एंटरटेनर फिल्म बाजूका में नजर आएंगे, जिसमें गौतम मेनन और गायत्री अय्यर भी हैं। मम्मूटी ने कहाः मैं इस बहुत ही रोमांचक कहानी पर डीनो के साथ काम कर वास्तव में खुश हूं। युवा पेशेवरों के साथ काम करना हमेशा उत्साहजनक होता है, जो सिनेमा और दुनिया को नई आंखों से देखते हैं।

वह जोखिम लेने को हमेशा तैयार हैं और ऐसी कहानियां बताना चाहते हैं जो पहले कभी नहीं बताई गई। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हम सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी और दर्शकों को भी रोमांचित करेगी। अनुभवी स्क्रिप्ट राइटर कलूर डेनिस के बेटे व डायरेक्टर डीनो डेनिस ने कहाः मेरी पहली फिल्म में ममूटी सर के जैसा स्टार होना एक सपने के सच होने जैसा है और उनके साथ काम करना जीवन भर का अनुभव है।

सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म स्टूडियो यूडली फिल्म्स ने यह घोषणा की। सारेगामा इंडिया लिमिटेड में फिल्म्स एंड इवेंट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ आनंद ने कहाः बाजूका एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है क्योंकि इसमें ममूटी सर जैसे लेजेंड को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है जो उनके प्रशंसकों को पूरी तरह से हैरान कर देगा। को-प्रोड्यूसर जिनू वी. अब्राहम ने कहाः इस फिल्म का निर्माण एक ऐसी यात्रा होने जा रही है जो बिल्कुल अलग है और हमें यकीन है कि दर्शक इस अविश्वसनीय कहानी को देखेंगे। फिल्म का सह-निर्माण भी डोल्विन कुरियाकोस ने किया है।





## स्नेहल राय ने दो महीने में कम किया 15 किलो वजन

इश्क का रंग सफेद, इच्छाप्यारी नागिन, विश और कई अन्य टीवी शो का हिस्सा रह चुकीं स्नेहल राय ने दो महीनों में 15 किलो वजन कम करने के बारे में बात की और फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टिप्स शेयर किए।

स्नेहल ने कहाः मैं अपने शरीर को अपना मंदिर मानती हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि अधिक खाना एक लत है जो धूम्रपान या शराब के सेवन जितना ही खतरनाक हो सकता है। वह इस बात पर जोर देती हैं कि इन अस्वास्थ्यकर आदतों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, और इसलिए, हम क्या खाते हैं, इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनके लिए खूबसूरत होने का मतलब है फिट और स्वस्थ रहना, भले ही उनका वजन कुछ भी हो।मेरा मानना है कि अपने शरीर की देखभाल करना पूजा का एक रूप है, और मुझे अपने शरीर के हर इंच पर गर्व है। मेरे स्वास्थ्य और फिटनेस को बनाए रखने की मेरी प्रतिबद्धता एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने के लिए मेरे समर्पण को दर्शाती है।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी भी अपने शरीर के वजन या दिखने की आलोचना को नकारात्मक तरीके से नहीं लेती हैं, बल्कि वह इसे फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरणा के रूप में लेती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कड़ी मेहनत करने और अपने आलोचकों को गलत साबित करने के लिए प्रेरणा के रूप में ताने और नकारात्मक टिप्पणियों का उपयोग करना सीखा है। मेरे दृढ़ निश्चय और आत्म-विश्वास ने मुझे चुनौतियों से उबरने और 2 महीने में 15 किलोग्राम वजन कम करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद की है और इस यात्रा में मेरा मार्गदर्शन करने के लिए मैं अपने ट्रेनर राज सर की बहुत आभारी हूं।



## कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग कर रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आई। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।

फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं।

केजीएफ चैप्टर 1 और 2 के बाद, संजय दत्त एक्शन हीरो ध्रुव सरजा की कन्नड़ फिल्म केडी में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। केडी प्रेम द्वारा निर्देशित है और केवीएन बैनर के तहत निर्मित है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी फिल्म में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

# बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत

## पत्रिका और भारत का संविधान शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया

**रायपुर,14अप्रैल 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया हमारा संविधान हैं। हमारा संविधान हमें अधिकार सम्पन्न बनाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए। मुख्यमंत्री ने इसके पहले अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी तरफ बाबासाहेब अंबेडकर दबे कुचले समाज को अधिकार दिलाने के लिए संगठित कर संघर्ष कर रहे थे। बाबासाहेब ने समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षित और संगठित होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दी। श्री बघेल ने कहा कि बाबा साहेब ने यह महसूस किया कि भारतीय समाज की सबसे बड़ी कमजोरी शिक्षा की है। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। वैचारिक दृष्टि से हम बहुत ऊंचे हैं, लेकिन हमारा व्यवहार वैसा नहीं है। हमारे समाज में मनुष्यों के साथ भेद-भाव किया जाता है, समानता का व्यवहार नहीं किया जाता। बाबा साहेब सहित देश के अनेक महापुरूषों ने भारतीय समाज की इस बुराई को महसूस किया और इसके विरूद्ध लड़ाई लड़ी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलितों, शोषितों और पीड़ितों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बाबा साहेब जैसे महापुरूष सदियों में एक बार पैदा होते है, उन्होंने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मंत्र दिया। उनके यही विचार हमें संघर्ष करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध के प्रज्ञा, करूणा और मैत्री के संदेश को आत्मसात किया। आज समाज को इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर देता है। संविधान के चलते हमें आरक्षण मिला। बाबा साहेब ने समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में लाखों लोगों ने नागपुर में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जाति प्रमाण पत्र का सरलीकरण किया है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां यदि माता-पिता के पास जाति प्रमाण पत्र है, तो नवजात शिशु को उसका जाति प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। यदि किसी के पास 50 साल का रिकार्ड नहीं है तो ग्राम सभा अथवा शहरी क्षेत्रों में सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने पर जाति प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था की गई है। समाज द्वारा नया रायपुर में जमीन की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को जमीन के मूल्य 10 प्रतिशत राशि तथा अन्य वर्गों को 15 प्रतिशत की राशि देने पर जमीन आबंटित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज शासकीय भूमि लेना चाहे तो जमीन चिन्हित कर लें, निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमीन आबंटित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में गुरू घासीदास संग्रहालय, शहीद वीर नारायण स्मारक और विश्व स्तरीय स्कूल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तथागत संदेश पत्रिका और भारत का संविधान शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।कार्यक्र के दौरान आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री बघेल द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर की गई घोषणा के अनुसार कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन कार्यों की स्वीकृति पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया गया। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष मंगल भवन के लिये 50 लाख रूपये और देवेन्द्रनगर स्थित बौद्ध विहार में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि देने, अंबेडकर चौक में नगर निगम द्वारा बाबा साहेब की 20 फ़ीट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी। ये सभी कार्य स्वीकृत हो गए हैं।


---

**आरक्षण बिल में हस्ताक्षर में देरी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीखा प्रहार**

## राज्यपाल की भूमिकाओं की होनी चाहिए समीक्षा

**रायपुर,14अप्रैल 2023(ए)।** आरक्षण बिल में हस्ताक्षर में देरी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर तीखा तंज कसा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यपाल की भूमिका पर सवाल खड़े किये है। संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि राजभवन की भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए? राज्यपाल विधेयक को कितने दिन रोक सकते है? जनता से जुड़े मुद्दों को क्यों रोका जा रहा है ? युवाओं को नौकरी,भर्तियों में परेशानी हो रही है। इधर राज्यपाल की भूमिका की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा है कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है भविष्य में ऐसी कोई चर्चा होगी कोई निर्णय होगा तो अलग बात है।

वहीं बीजेपी के मतदाता सूची के सर्वे को लेकर आ रही बातों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी पहले हिंसा कराई और अब सर्वे कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी वोट के खातिर सर्वे करा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वेष भले फैलाए, लेकिन हम प्रेम बाटेंगे। बीजेपी हमारे पीएम आवास सर्वे का समर्थन दे।



**आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं, सीएम भूपेश बघेल बोले - जनता और युवा त्रस्त**

आरक्षण विधेयक का मामला गर्माता जा रहा है। आरक्षण विधेयक मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। आरक्षण मामले में सीएम बघेल ने राजभवन की भूमिका पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण विधेयक पर अब तक राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं।

दरअसल, सीएम बघेल ने आरक्षण विधेयक मामले में राज्यपाल और राजभवन पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राजभवन की भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए। इसके आगे उन्होंने कहा कि राज्यपाल कितने दिनों तक विधेयक रोक सकते हैं? जनता से जुड़े मुद्दों को क्यों रोका जा रहा है ? इससे युवाओं को नौकरी, भर्तियों में परेशानी हो रही है।

**आदिवासियों का हित संरक्षित करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास परिसर में गरियाबंद, महासमुंद और धमतरी जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया और कमार समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के हितों का संरक्षण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने पिछले 4 सालों में अनुसूचित जनजाति के हितों में अनेक फैसले लिए हैं।

मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, समाज के प्रतिनिधि नवतू राम, गुंजलाल कमार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सीधी भर्ती के संबंध में युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

---

# बेमेतरा हिंसा मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**» घर में आग लगाने वाले 5 शातिर गिरफ्तार**

**बेमेतरा,14अप्रैल 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने बिरनपुर में घर को आग लगाने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस ब्लास्ट में आईजी आनंद छाबड़ा बाल-बाल बचे थे.

पुलिस ने बताया कि 10.04 .2023 को बीरनपुर गांव के एक मकान में दोपहर करीबन 2:00 बजे अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी. इस घटना पर थाना साजा में अपराध क्रमांक 90/ 23 धारा 436,34 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. तहकीकात के दौरान 5 आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से प्रकरण में धारा 147 ,148, 149 भादवी के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

अजय रजक पिता कृष्ण रजक उम्र 23 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़

प्रवीण कुमार साहू पिता काशीराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़

संदीप साहू पिता परसराम साहू उम्र 20 वर्ष निवासी रामहेपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम

प्रदीप रजक पिता अनुज रजक उम्र 21 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़

दिनेश रजक पिता जनक रजक उम्र 23 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़

### ये था पूरा मामला

शनिवार 8 अप्रैल को गांव बेमेतरा के बिरनपुर में दो समुदायों के बीच खूनी संघर्ष हो गई थी. एक युवक को मौत के घाट उतार दिया गया. वहीं 11 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई. इस दौरान आईजी और एसपी समेत 6 जिलों की पुलिस की टीम तैनात थी. गांव में धारा 144 लागू है. इस मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

ग्राम बीरनपुर थाना साजा जिला बेमेतरा में दो बच्चो की लड़ाई हो गई, जिसमें दो समुदायों में आपसी विवाद बढ़ जाने से गांव के एक युवक भुनेश्वर साहू पिता ईश्वर साहू उम्र 22 वर्ष की हत्या होने पर थाना साजा में मामला दर्ज कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

गिरफ्तार आरोपियों में
निजामुद्दीन पिता रामानुद्दीन
रशीद खान पिता बहाल खान
मुख्तार पिता रशीद खान
अकबर खान पिता रमजान खान
अब्दुल खान पिता अकबर खान
नवाब खान पिता सेहत्तर खान
अयूब खान पिता सरदार खान
शफीक पिता पीला मोहम्मद
बशीर खान पिता बहाल खान
जलील खान पिता मोकमुम
जनाब खान पिता निजामुद्दीन

---

## गौरी शंकर श्रीवास और तहसीलदार के बीच तीखी बहस

**आदेश कॉपी को फाड़कर उड़ाया**

**बेमेतरा,14अप्रैल 2023 (ए)।** रसोइया एवं रसोइया सह सहायिका का मानदेय को लेकर संगठन की महिलाएं नवा रायपुर के तूता में धरना दे रही हैं। इन्हें हटाने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास ने कार्रवाई का विरोध कर दिया।भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास और तहसीलदार के बीच तीखी बहस बाजी हुई। बीजेपी नेता ने सरकारी आदेश की कॉपी को फाड़कर कहा, आप लोग पुलिस लेकर आए हैं, हम लोगों की हत्या कर दीजिए, जेल ले जाइए। बाबा अंबेडकर ने धरना-प्रदर्शन करने का हमें मौलिक अधिकार दिया है।



---

# आयुष्मान योजना में महारानी अस्पताल को मिला प्रथम स्थान

**» अस्पताल के डॉ प्रसाद को मिला सिविल सर्जन पुरुस्कार**

**जगदलपुर ,14अप्रैल 2023 (ए)।**कायाकल्प योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव की उपस्थिति में पुरस्कार समारोह रायपुर में आयोजित किया गया जिसमे महारानी जिला अस्पताल जगदलपुर को प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया 7 योजनांतर्गत कुल 8 थीमेटिक एरिया में अस्पताल का मूल्यांकन राज्य स्तरीय दल द्वारा किया गया था जिसमे अस्पताल के रखरखाव, स्वच्छता, जैव अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण रोकथाम, सपोर्ट सर्विसेस, हाईजिन प्रमोशन बाउंड्रीवाल के पास की सफाई एवं इको फ्रेडली एरिया का मूल्यांकन किया गया। जिला अस्पताल इस मूल्यांकन की प्रक्रिया मे खरा उतरा है ।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक स्तर के अधिकारियो में जगदलपुर से महारानी जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ सिविल सर्जन छत्तीसगढ राज्य में चुना गया है एवं उनके अच्छे कार्यो को देखते हुये प्रशस्ति पत्र एवं राज्य स्तरीय सम्मान से पुरस्कृत किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के द्वारा यह सम्मान स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे प्रदान किया गया है। साथ ही साथ 13425 से अधिक मरीजो का कैशलेस इलाज़कर




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य डॉ खुपच बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत महारानी अस्पताल प्रदेश के अन्य सभी जिला अस्पतालों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है. त्वरित निदान सबसे कम शिकायत एवं सर्वाधिक पंजीयन के मापदंड पूरे करने के कारण आज यह पुरस्कार अस्पताल को प्राप्त हुआ है।

महारानी अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से आज छग प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है। अस्पताल की अधोसंरचना प्रदेश के निजी अस्पताली के अनुकूल है। प्रत्येक विभाग अत्यावश्यक उपकरणों से सुसज्जित है। बस्तर जिले के अलावा बस्तर संभाग एवं अन्य राज्य जैसे उड़ीसा के मरीज भी इस अस्पताल मे सेवाओं से लाभान्वित हो रहे है। अस्पताल की ओपीडी प्रतिदिन 800 है जो कि मेडिकल कालेज से भी दोगुनी है। जनता का भरोसा इस अस्पताल पर इतना है कि एक्स रे पैथालाजी टेस्ट एवं अन्य प्रमुख सेवा प्रदायगी के इंडीकेटर विगत 2 वर्षों मे प्रत्यक्ष रूप से इस अस्पताल मे सतत रूप से बड़े है। अस्पताल में आधुनिक मशीनो से प्रतिदिन साफ सफाई की जाती है. प्रतिदिन साफ सफाई की निगरानी की जाती है।

अस्पताल परिसर मे मरीजो एवं स्टाफ के लिये डेडिकेटेड पार्किंग उपलब्ध है। यहाँ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज तो दिया ही जाता है साथ ही 24/7 सिक्युरिटी की व्यावस्था मरीजों के लिये गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क आहार, जैव अपशिष्ट का त्वरित निपटान, जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिये एक प्रेरणा का स्त्रोत है। मरीजो एवं स्टाफ को संक्रमण बचाने लिये अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनायी जाने वाली कार्यप्रणाली बेहतरीन है। कम संसाधनों में हमर लैब संचालित की जा रही है।

---

# कर्मचारियों के इलाज के लिए 92 अस्पतालों को मान्यता

**रायपुर,14अप्रैल 2023(ए)।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के इलाज के लिए मान्यता प्राप्त 91 निजी अस्पतालों की लिस्ट जारी की है। इसमें राजधानी रायपुर के साथ-साथ अन्य शहरों के भी अस्पताल शामिल हैं।

हालांकि छत्तीसगढ़ से बाहर सिर्फ नागपुर स्थित एक हॉस्पिटल के साथ अनुबंध किया गया है। यहां भी सिर व गले की सर्जरी की सुविधा रहेगी। छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए 92 अस्पतालों को मान्यता दी है। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव के अनुमोदन के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची मंत्रालय से जारी की है। विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची प्रेषित की है।

### इन अस्पतालों को मिली है मान्यता

बी.एम. शाह हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर शास्त्री नगर सुपेला, भिलाई. आर.एस. पॉलिक्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर टाटीबंध, रायपुर. चांदरानी सरदारी लाल स्पेशियालिटी आई एंड ईएनटी हॉस्पिटल शांति नगर, रायपुर. श्री कृष्णा नेत्रालय लिंक रोड बिलासपुर. उपाध्याय हॉस्पिटल महोबा बाजार, रायपुर. विवेकानंद आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ब्रह्मपुरी रोड रायपुर. एसआरएस हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल तेलीबांधा, रायपुर. कंवर नर्सिंग होम अनुपम नगर, रायपुर. नमन हॉस्पिटल शंकर नगर, रायपुर. सोनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम बड़े उरला, अभनपुर, रायपुर. श्री नारायणा हॉस्पिटल देवेंद्र नगर, रायपुर. श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. गुप्ता हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी रिसर्च एंड मेटरनिटी सेंटर रत्नाबांधा रोड, धमतरी. श्री राम हॉस्पिटल बसंतपुर, राजनांदगांव. आशीर्वाद लेजर फेको आई हॉस्पिटल नेहरू चौक, बिलासपुर. फरिश्ता नर्सिंग होम कटोरा तालाब, रायपुर. सर्व ट्रामा हॉस्पिटल तात्यापारा, रायपुर. संजीवनी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर वेयर हाउस रोड, बिलासपुर. आरबी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज स्वर्ण जयंती नगर, बिलासपुर. श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज जुनवानी, भिलाई. पेटल्स न्यू बोर्न एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. जुनेजा आई हॉस्पिटल सीएमडी चौक, बिलासपुर. श्री अनंत साई हॉस्पिटल तेलीबांधा, रायपुर. प्रथम हॉस्पिटल बहतराई रोड, बिलासपुर. श्री कृष्णा हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर पचपेड़ी नाका, रायपुर. देवी विमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल चंगोराभाठा, रायपुर. श्री अरबिंदो नेत्रालय लालपुर, रायपुर. श्री मां शारदा आरोग्यधाम अग्रसेन नगर, रायपुर. हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल




स्मृति नगर, भिलाई. स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. सनशाइन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वसुंधरा नगर, भिलाई-3. किम्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. श्रेयांश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अवंति विहार, रायपुर. अपेक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर अटल चौक, रायगढ़. जैन डेंटल हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. सद्भावना हॉस्पिटल सेक्टर-30, नवा रायपुर. माता लक्ष्मी नर्सिंग होम एंड इन्वेस्टिगेशन सेंटर अनुपम नगर, रायपुर. एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल लालपुर, रायपुर. रायपुर स्टोन क्लिनिक कचहरी चौक, रायपुर, साई बाबा आई हॉस्पिटल फाफाडीह, रायपुर. भवानी डायग्नोस्टिक सेंटर फाफाडीह चौक, रायपुर. सर्वोदय हॉस्पिटल एंड प्रसूति केंद्र मोवा, रायपुर. अपोलो हॉस्पिटल सीपत रोड, बिलासपुर. तिवारी नर्सिंग होम सिविल लाइन, रायपुर. एएसजी आई हॉस्पिटल शक्ति नगर, रायपुर. जीवन ज्योति हॉस्पिटल दर्रीपारा, अंबिकापुर. महादेव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल व्यापार विहार रोड, बिलासपुर. वी वाय हॉस्पिटल कमल विहार, रायपुर. स्पाइन एंड स्किन क्लिनिक शंकर नगर, रायपुर. श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल परशुराम चौक, जांजगीर-चांपा. श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. श्री संकल्प हॉस्पिटल सरोना, रायपुर. श्री रेटीना केयर सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल शंकर नगर, रायपुर. माखीजा हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. विनायक नेत्रालय लिंक रोड, बिलासपुर. धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल धमतरी. गावरी आईवीएफ सेंटर एंड नर्सिंग होम फाफाडीह, रायपुर. डॉ. आरएल हॉस्पिटल गौशाला रोड, रायगढ़, शुभकामना हॉस्पिटल मोवा, रायपुर. दानी आई हॉस्पिटल एमपी नगर, कोरबा. बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल बैरन बाजार, रायपुर. गायत्री हॉस्पिटल रोहिणीपुरम, रायपुर. आशादीप हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. बाल्को मेडिकल सेंटर सेक्टर-36, नवा रायपुर. श्री बालाजी मेट्रो केयर हॉस्पिटल ग्राम कौहाकुंदा, रायगढ़, संजीवनी सीबीसीसी यूएसए कैंसर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर देवेन्द्र नगर, रायपुर. स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर, भिलाई. एएसआईएम सुपरस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल संतोषी नगर चौक, रायपुर. एसएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट एंड आईव्हीएफ रिसर्च सेंटर व्हीआईपी इस्टेट, रायपुर. श्रीराम केयर हॉस्पिटल नेहरू नगर, बिलासपुर. मित्तल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अंवति बाई चौक, रायपुर. लाइफवर्थ सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. मार्क हॉस्पिटल सरकंडा, बिलासपुर. ओम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सेंटर रायपुरा चौक, रायपुर. सुयश हॉस्पिटल कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर. डॉ. जाऊलकर ईएनटी हॉस्पिटल चौबे कॉलोनी, रायपुर. श्री शिशु भवन मध्यनगरी चौक, बिलासपुर. विद्या हॉस्पिटल एंड किडनी सेंटर शंकर नगर, रायपुर. सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर गीतानगर, रायपुर. के. गुरूनाथ कॉर्डियक सेंटर सुपेला, भिलाई. श्री कृष्णा हॉस्पिटल खरोरा, रायपुर. चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति हॉस्पिटल नेगरू नगर चौक, भिलाई. विशारद हॉस्पिटल मोतीबाग रोड, रायपुर. अग्रसेन हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. मुंदड़ा हॉस्पिटल मंगला चौक, बिलासपुर. होरिजन हॉस्पिटल जल विहार कॉलोनी, रायपुर. फोर्टिस ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रायगढ़, अरपा मेडसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट व्यापार विहार, बिलासपुर. नीति क्लिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड रामदासपेठ, नागपुर।

---

## केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने बिलासपुर रेलवे के 256 उम्मीदवारों को सौंपा नियुक्त पत्र

**» पीएम मोदी ने की है शुरुआत,सांसद अरुण साव भी रहे मौजूद**

**बिलासपुर ,14अप्रैल 2023 (ए)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रेणुका सिंह ने रोजगार मेला में बिलासपुर रेलवे के चयनित 256 उम्मीदवारों को नियुक्त पत्र सौंपा। इस अवसर पर बिलासपुर सांसद एवं प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष अरुण साव मौजूद थे। रोजगार मेले के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को संबोधित किया। इसका प्रचार-



प्रसार करने के लिए सभी राज्यों में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों को भेजा गया था। बता दें कि मोदी सरकार रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। इस साल के अंत तक दस लाख सरकारी नौकरियों का वादा कर चुकी सरकार अब तक 1.46 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र बांट चुकी है।

रोजगार मेला के जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

## फसल बीमा के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल




**रायपुर ,14अप्रैल 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर एवं सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस सम्मान के लिए कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश भर में अग्रणी राज्यों में शुमार है।भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा आज राजधानी रायपुर में आयोजित 9 वी राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला भारत सरकार के सचिव मनोज आहूजा ने छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र सौंपा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)